सभापति महोदय, 1989-90 के दौर में इस देश में एक ऐसी सरकार आयी थी जिसने किसानों के कर्जे माफ करने का काम किया था। इस सरकार ने, कर्जे माफ करने की बात छोड़िये, उनके ब्याज माफ करने के बारे में सोचने का कार्य नहीं किया है। अगर सरकार कहती है कि अनाज के गोदाम भरे पड़े हैं, फिर किसानों की दुर्दशा क्यों है? आज पंजाब से लेकर आन्ध्र प्रदेश तक, उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार तक किसान आत्महत्या करने के लिये क्यों मजबूर है। निश्चित रूप से हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर यह एक प्रश्नवाचक चिन्ह बनकर उभरता है। अगर इस पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ जायेगा। आज की स्थिति में विश्व व्यापार संगठन की शर्तों को हमने स्वीकार किया। उनकी शर्तें मानने के जो दुपरिणाम सामने उभरकर आये हैं, उसके कारण सरकार जब इस बारे में जवाब देती है तो अंतर्राट्रीय बाजार और अंतर्राट्रीय प्रतिस्पर्धा के मकड़जाल में उलझाकर अपने कार्य की इतिश्री कर लेती है। मैं सरकार चलाने वालों से पूछना चाहता हूं कि अगर उन्हें पता था कि अंतर्राट्रीय बाजार में कृषि उत्पादों का मूल्य घटता जा रहा है तो उस समय कृषि अनुसंधान परिद् क्या कर रही थी। जब हमने विश्व व्यापार संगठन के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये थे, तभी अगर इसके दुपरिणामों का आकलन कर लिया होता, अपनी उत्पादकता को बढ़ाने के लिये लागत मूल्य घटाने के लिये सार्थक कदम 7-8 साल पहले उठा लिये होते तो किसानों को इस दुर्दशा का सामना न करना पड़ता।

सभापति महोदय, जहां तक उत्तर प्रदेश की स्थिति का सवाल है, उस पर मैं बाद में आऊंगा लेकिन किसानों की समस्या को लेकर जो चर्चा यहां की जा रही है, उसमें कई आयाम हैं। मै समझता हूं कि तात्कालिक समस्या धान और गन्ना किसानों की है। धान और गन्ना किसानों की समस्या पर चर्चा दबकर रह जा रही है। इन दोनों बिन्दुओं पर अलग-अलग चर्चा होनी चाहिये थी। इसका कारण यह है कि सूखा, बाढ़ और जल-प्लावन संमस्या इससे संबंधित है। आज देश का किसान देश की 55 साल की आजादी के बाद भी प्रकृति के भरोसे जीने को मजबूर है। आज हमने किसानों को प्रकृति के भरोसे छोड़कर रखा है।

आज तक हमने बाढ़ और सूखे से निपटने के लिए कोई स्पट नीति नहीं अपनाई। स्पट नीति अपनाने की बात छोड़ दीजिए, हम बार-बार कहते चले आ रहे हैं कि जल को संविधान की समवर्ती सूची में शामिल कीजिए। लेकिन आज तक पानी को संविधान की समवर्ती सूची में शामिल नहीं किया गया है, जिसके कारण अभी तमिलनाडु और कर्नाटक को विवाद का सामना करना पड़ रहा है और आने वाले दिनों में उत्तरांचल और उत्तर प्रदेश को भी इसका सामना करना है। इसके अलावा िवभिन्न राज्यों को भी इस स्थिति का सामना करना है। मैं कहना चाहता हूं कि सूखे और बाढ़ की विभीाका के कारण हर साल हमारी अरबों रुपये की फसल बर्बाद हो रही है। कम से कम किसानों की फसल को बर्बादी से बचाने के लिए आप कोई इंतजाम कीजिए। इसके लिए जब तक आप कोई दीर्घकालिक नीति नहीं अपनायेंगे, तब तक मैं समझता हूं कि आप इस समस्या से नहीं निपट सकेंगे।

सभापति महोदय, आपने फसल बीमा योजना को लागू किया है। आपकी फसल बीमा योजना कितनी अव्यवहारिक है, यह मैं बताता हूं। इस फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिन किसानों ने फसल बीमा कराने का कार्य किया है, क्या उन्हें दैवीय आपदा के बाद कोई राहत मिल सकती है। मैं अपने व्यावहारिक अनुभव के आधार पर कहना चाहता हूं कि हम बाढ़ पीड़ित इलाके के रहने वाले लोग हैं। जो सूखा प्रभावित इलाकों के लोग होंगे, उन्हें भी इस स्थिति का अंदाजा होगा कि उस फसल बीमा योजना के अंतर्गत उनके हित सुरक्षित नहीं होते। जब तक इस फसल बीमा योजना को प्रति किसान यूनिट आप नहीं बनायेंगे, तब तक किसानों को इसका लाभ मिलने वाला नहीं है। यदि आप चाहते हैं कि किसानों की फसलें सुरक्षित रहें, किसानों की लागत न डूबने पाये तो फसल बीमा योजना को आपको व्यावहारिक रूप प्रदान करना होगा।

माननीय मंत्री जी आपने अभी धान का समर्थन मूल्य 530 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है और 20 रुपये शायद आप सूखा राहत बोनस के रूप में दे रहे हैं - इस प्रकार से कुल 550 रुपये प्रति क्विंटल आपने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है लेकिन धान खरीदने की जिम्मेदारी आपने राज्यों के ऊपर छोड़ दी है। मैं कहना चाहता हूं कि जिन राज्यों को आपने यह जिम्मेदारी सौंपने का काम किया है, क्या आपने उनकी समीक्षा करने का भी काम किया है कि अब तक राज्यों ने कितने धान की खरीददारी की है और राज्यों के सामने क्या व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही है। राज्यों के समक्ष जो व्यावहारिक कठिनाइयां है, यदि आप उनका निराकरण नहीं करेंगे तो मैं समझता हूं कि कोई भी राज्य आपकी नीति के अंतर्गत धान खरीदने में सक्षम नहीं होगा।

मैंने अपने लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की अपनी तहसील, जिसमें मैं निवास करता हूं, आज सवेरे वहां से आंकड़े मंगवाये हैं। उनके अनुसार वहां कुल 1113 क्विंटल धान की खरीद आज तक समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत नौतनवा कृषि मंडी में हुई है और 140 क्विंटल धान की खरीद हमारी क्रय-विक्रय समिति के अंतर्गत हुई है, जब कि इसका कई गुना धान उस क्षेत्र के एक गांव में पैदा होता है। फसल आये अभी तक डेढ़ महीना बीत चुका है और डेढ़ महीने में धान की कुल यह खरीद है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आपकी समर्थन मूल्य योजना फ्लॉप हो रही है। किसान जिसने इस सूखे की परवाह किये बिना, अपनी लागत की परवाह किये बिना अभी कुछ क्षेत्रों में रिकार्ड उत्पादन किया, आज वह आंसू बहाने के लिए मजबूर है। उन्होंने इस आशा-प्रत्याशा में रिकार्ड उत्पादन करने का कार्य किया कि देश के िवभिन्न हिस्सों में सूखा है। जब हम अपनी फसल बाजार में लेकर जायेंगे तो हमें अपनी फसल के अच्छे दाम मिलेंगे। लेकिन आप अच्छे दामों की बात छोड़ दीजिए, जो समर्थन मूल्य आपने निर्धारित किया है उससे भी सवा सौ रूपये प्रति क्विंटल उन्हें कम मिल रहे हैं। आज आप महाराजगंज, गोरखपुर और सिद्धार्थ नगर चल जाइये, जो धान उत्पादन करने वाले जिले हैं, आज वहां मोटा धान, जो सामान्य श्रेणी का धान है, वह 375 रुपये, 390 और 400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा है। अगर यह लूट बंद नहीं होगी तो मैं समझता हूं कि किसानों का मनोबल टूटेगा और जब किसानों का मनोबल टूटेगा तो आने वाले दिनों में पैदावार पर भी असर पड़ेगा।

सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश आज गन्ने की पेराई की सबसे बड़ी समस्या से जूझ रहा है। अभी चीनी मिल मालिकों ने एक साजिश के तहत पूरे बाजार में चीनी झोंककर चीनी के भाव को गिरा दिया। मैं अपनी निश्चित जानकारी के आधार पर कहना चाहता हूं कि जो शूगर लॉबी है, वह कितनी मजबूत है, इस सदन में बैठे हुए बहुसंख्यक लोग इस बात को जानते हैं कि कैसे-कैसे हथकंडे अपनाकर वह सरकारों को प्रभावित करने का काम करते हैं, इस बात से सभी लोग परिचित हैं।

आज मैंने कृषि मंत्री जी का एक वक्तव्य पढ़ा है। उनका एक इंटरव्यू है, जिसमें उन्होंने कहा है - गन्ना किसानों के वर्तमान असंतोा के लिए कौन जिम्मेदार है। इस पर कृषि मंत्री जी ने कहा है कि 'इसके लिए न्यायपालिका, सरकार और मिलमालिक ये तीनों जिम्मेदार हैं। हालांकि ब्राजील में मुद्रा के अवमूल्यन के कारण दुनिया भर में मिलमालिकों की परेशानियां बढ़ी हैं। लेकिन समस्या इतनी नहीं बढ़ी है कि गन्ना लेना ही बंद कर दें। ' जब देश के कृषि मंत्री कह रहे हैं कि समस्या के लिए न्यायपालिका, सरकार और मिलमालिक तीनों जिम्मेदार हैं तो मैं कहना चाहता हूं कि संसद का अब यह कर्तव्य बन जाता है कि संसद इस तिगड़ी को तोड़ते हुए कोई नया कानून, विधान पारित करे जिससे न्यायपालिका को भी किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ करने का मौका न मिले। अब अगर न्यायपालिका यह फैसला करेगी कि गन्ना किसानों को कितना मूल्य दिया जायेगा तो मैं समझता हूं कि देश की व्यवस्था चलने वाली नहीं है।

मुझे न्यायपालिका पर कमेन्ट नहीं करना चाहिए लेकिन अपने दर्द को रखना चाहता हूँ कि अगर इस तरह से हस्तक्षेप होगा और पूँजीपतियों के हितों का न्यायपालिका द्वारा भी संरक्षण होगा, मिल मालिकों द्वारा शोाण होगा तो किसानों का ज़बर्दस्त आंदोलन होगा और फिर इस देश में कोई भी सुरक्षित नहीं बचेगा।

महोदय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश और संपूर्ण उत्तर प्रदेश गन्ना किसानों के आंदोलन की चपेट में है। किसान जब आंदोलन कर रहा है तो उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। मेरठ में किसानों पर लाठियां चलाई जा रही हैं। इतना ही नहीं, गन्ने को उसने बेटे की तरह पाला है, जिस तरह से बेटे को पालने-पोसने का काम किसान करता है, उसी तरह से किसान ने गन्ने की फसल को, धान की फसल को तैयार किया। आज वह अपने गन्ने की फसल को जलाने को मजबूर है। यह जो उसकी भावना है, आज वह जिस रास्ते पर जा रहा है, इसको समझने की हमें कोशिश करनी चाहिए। वह क्यों अपने गन्ने को जला रहा है, इस पर अगर हम गंभीरतापूर्वक मनन नहीं करेंगे तो निश्चित रूप से किसानों का जो अहिंसात्मक आंदोलन है, वह दूसरी दिशा ले सकता है और वह दिशा निश्चित तौर पर देश के लिए और लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगी।

अभी भारत सरकार द्वारा 62 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य निर्धारित किया गया है और यह कहा गया है कि साढ़े आठ प्रतिशत रिकवरी के बाद जैसे-जैसे रिकवरी बढ़ेगी, फिर वह अधिक मूल्य देने का काम करेंगे। उत्तर प्रदेश में औसत दस प्रतिशत की रिकवरी होती है। बगल का हरियाणा राज्य 110 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य दे रहा है। इस सवाल पर मैं शरद यादव जी से कहना चाहता हूँ कि चीनी मिल मालिक कहते है कि हमें घाटा हो रहा है। सहारनपुर और अंबाला दोनों सीमावर्ती जिले हैं। सहारनपुर उत्तर प्रदेश में आता है और अंबाला हरियाणा में आता है। अंबाला से बढ़िया गन्ना उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में होता है। आप चाहें तो उसकी गुणवत्ता का परीक्षण करवा सकते हैं। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के गन्ना किसान को गन्ने का दाम मिलेगा 62 रुपये प्रति क्विंटल और हरियाणा में मिलेगा 110 रुपये प्र ाति क्विंटल। 110 रुपये प्रति क्विंटल का गन्ना खरीदकर हरियाणा का मिल मालिक घाटे में नहीं जाएगा और उत्तर प्रदेश का चीनी मिल मालिक कहेगा कि हम 95 रुपये प्रति क्विंटल जितना पिछले साल का दाम भी नहीं देंगे। यह अन्याय नहीं तो और क्या है, यह दोगली नीति नहीं तो और क्या है, यह किसानों का शोाण करने का तरीका नहीं है तो और क्या है? दो सीमावर्ती प्रदेशों में, बगल के प्रदेश में 110 रुपये प्रति किवंटल गन्ने का मूल्य है और उत्तर प्रदेश में 62 रुपये या 72 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य देंगे। मैं कहना चाहता हूँ कि चीनी मिल मालिक जो तर्क दे रहे हैं, वह खोखला तर्क है। मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश की जो वर्तमान सरकार है, वह दैनिक रूप से चीनी मिल मालिकों से रिश्वत लेने का काम कर रही है और उसने निर्देश दे रखा है कि चीनी मिलों को तब तक मत चलाओ जब तक तुम्हारा घाटा हो रहा है। इस समय जब हम अपने गन्ने को चीनी मिलों को सप्लाई करने का काम करते हैं तो इस समय रिकवरी कम होती है।

16.58 hrs. (MR. SPEAKER in the Chair)

जैसे-जैसे समय बीतेगा, रिकवरी का परसेंटेज बढ़ता जाएगा। इस समय चीनी मिल मालिकों को जो घाटा हो रहा है, उस घाटे की पूर्ति के लिए देहाड़ी पर उत्तर प्रदेश की सरकार काम कर रही है। जब तक केन्द्र इसमें पहल नहीं करेगा, तब तक यह असंतोा दूर होने वाला नहीं है। इतना ही नहीं, हम आपसे यह भी कहना चाहते हैं कि किसी भी फसल का समर्थन मूल्य उस फसल चक्र से पहले जब तक घोाित नहीं करेंगे, तब तक आप किसानों के आक्रोश को नहीं रोक पाएंगे। अगर चीनी मिल मालिक यह समझते हैं कि उनको वर्तमान मूल्य देने पर घाटा है, वह चीनी मिल नहीं चला सकते तो आप पहले ही किसान को गन्ने की बुवाई से पहले बता दीजिए। किसान को भी समझ में आएगा तो गन्ने की बुवाई करेगा और समझ में नहीं आएगा तो गन्ने की बुवाई नहीं करेगा। लेकिन जब हमारी फसल तैयार है तो हमारी उस मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है। आज हम गन्ना नहीं काटेंगे, हमारा गन्ना नहीं उठाया जाएगा तो हम रबी की बुवाई नहीं कर सकेंगे। रबी की बुवाई नहीं कर सकेंगे तो हमारा पूरा एक साल बरबाद हो जाएगा। इस मजबूरी का फायदा उत्तर प्रदेश के चीनी मिल मालिक उठा रहे हैं।

महोदय, महाराट्र के बाद उत्तर प्रदेश देश का दूसरा प्रदेश है जो सर्वाधिक चीनी पैदा करने का काम करता है, जो सर्वाधिक गन्ना पैदा करने का काम करता है। आज उस प्रदेश के किसानों को, जो देश का सबसे बड़ा राज्य है, अगर उस प्रदेश के किसानों के आक्रोश को आप मूकदर्शक बनकर देखते रहेंगे तो मैं बड़ी विनम्रता के साथ कहना चाहता हूँ कि वह किसान जब अराजकता की तरफ जाएगा तो निश्चित रूप से देश के लोकतंत्र के लिए अशुभ होगा।

आज जो बेरोज़गारों की फौज आ रही है वह कहां से आ रही है? आज उन्हीं किसान परिवारों से निकलकर बेरोज़गारों की फौज आ रही है क्योंकि वे कृाि की बदौलत अपना जीवनयापन नहीं कर सकते हैं। इसलिए हम आपसे कहना चाहते हैं कि जो दीर्घकालिक चुनौतियां हैं, उनका मुकाबला करने के लिए आपको दीर्घकालिक नीतियां अपनानी होंगी। मैं सरकार में बैठे हुए लोगों से कहना चाहता हूँ कि आज खेती की जो दुर्दशा हो रही है, उसके लिए कौन जिम्मेदार है, इस बहस में मैं नहीं जाना चाहता हूँ,

17.00 hrs.

लेकिन, जब आप डब्ल्यू.टी.ओ. की बात करते हैं, जब आप विश्व व्यापार संगठन और विश्व बैंक की बात करते हैं तो आपको यह भी बताना चाहिए कि अमरीका, यूरोप और जापान अपने किसानों को कितनी राजसहायता देने का काम कर रहे हैं और हम कितनी राजसहायता दे रहे हैं। जब आप किसान को अन्तर्राट्रीय प्रतिस्पर्धा के जगत में ले जाना चाहते हैं, तो जब तक आप किसानों को शक्ति प्रदान नहीं करेंगे तब तक, मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि किसान को अन्तर्राट्रीय बाजार में मुकाबला करने में आप अक्षम पाएंगे और उसका फसल के उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा।

मान्यवर, मैं रफी अहमद किदवाई साहब का एक उदाहरण देना चाहता हूं। वे निश्चित तौर पर एक ईमानदार व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। मैं उनके फार्मूले की तरफ आपका ध्यान दिलाते हुए उसे उद्घृत करना चाहता हूं। उन्होंने कहा था कि जितने आने मन गन्ना, उतने रुपए मन चीनी। उन्होंने जो स्पट फार्मूला दिया यदि आप उसको लागू करेंगे, तो गन्ने के किसान की समस्या का समाधान सदा-सदा के लिए हो जाएगा। जो फार्मूला उन्होंने दिया था, आप उस फार्मूले को भी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। सरकार उस फार्मूले को स्वीकार नहीं कर रही है। किसी न किसी रूप में निश्चित तौर पर उनकी इस समस्या का समाधान आपको करना होगा।

हमारे माननीय खाद्य एवं रसद मंत्री जी, आपने 412 करोड़ रुपए चीनी विकास निधि से चीनी मिल मालिकों को देने का ऐलान किया है और 378 करोड़ रुपए कर्जे बैंकों ने चीनी मिल मालिकों को देने का ऐलान किया है। जो गन्ना नीति है उसके मुताबिक अगर 15 दिन के अंदर चीनी मिल मालिक हमारे किसानों के गन्ने के बकाया का भुगतान नहीं करते हैं, तो उसे ब्याज देना पड़ेगा, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि पूरे देश से आंकड़े मंगाकर देख लीजिए कहीं भी चीनी मिल मालिक किसी भी गन्ने के किसान के बकाया का ब्याज देने का काम नहीं करते। जिन चीनी मिल मालिकों पर हमारे किसानों के गन्ने का बकाया है, उनके खिलाफ वसूली प्र ामाणपत्र जारी होना चाहिए, रिकवरी सर्टिफिकेट जारी होना चाहिए, वारंट जारी होना चाहिए, लेकिन कोई भी राज्य सरकार, यहां तक कि केन्द्र सरकार भी पहल कर के इस कानून का अनुपालन कराने का काम नहीं करती है। मैं यह बात इसलिए कहना चाहता हूं कि चीनी मिल मालिक आपसे अलग नहीं हैं.। अगर सरकार अपने हर हथियार का इस्तेमाल करे, तो चीनी मिल मालिकों को किसानों के समक्ष घुटने टेकने पड़ेंगे।

मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि गत वर्ा से इस वर्ा यदि गन्ने का मूल्य उत्तर प्रदेश में कम दिलाने के लिए आप आगे बढ़ेंगे, तो निश्चित तौर पर किसान भड़केंगे और जब किसान भड़केंगे तो उनका आन्दोलन पूरे प्रदेश में भड़केगा और जब पूरे प्रदेश में उनके आन्दोलन रूपी आग भड़केगी, तो वह आपको भी जलाकर राख कर देगी।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से विनम्रता पूर्वक कहना चाहता हूं कि दीर्घकालिक नीति आपको बनानी है, तो भारतीय कृाि अनुसंधान परिाद को आपको नए निर्देश देने पड़ेंगे। आज हमें विश्व व्यापार जगत की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए, लागत को घटाने के लिए, उत्पादकता को बढ़ाने के लिए, उसकी गुणवत्ता को बढ़ाने

के लिए निश्चित तौर पर दिन दूनी रात चौगुनी मेहनत कर के सार्थक प्रयास करने होंगे। मैं आज आप से यह भी कहना चाहता हूं कि गन्ने और धान के किसानों के अलावा कपास के किसानों की समस्या भी आज आपके सामने है। गुजरात और महाराट्र में जो कपास का किसान है वह जिस बर्बादी के रास्ते पर खड़ा है, वह आपके सामने है। चीन जिस तरह से तस्करी के माध्यम से अपने सामानों की हमारे देश में आपूर्ति कर रहा है यह हमारे और आपके लिए चिन्ता का विाय है। आज वित्त मंत्रालय से पूछिए कि जो वित्त मंत्रालय के कस्टम विभाग के लोग सीमाओं पर तस्करी को रोकने के लिए तैनात किए गए हैं, क्या वे अपनी भूमिका का सार्थक तरीके से निर्वहन कर रहे हैं या नहीं।

हम भारत और नेपाल के सीमावर्ती इलाके से चुनकर आने वाले लोग हैं। राम पाल सिंह जी भी उसी क्षेत्र से चुनकर आने वाले लोग हैं। नेपाल के अन्दर चीन के रेशम के धागों से पूरे नेपाल के बाजार भरे पड़े हैं। क्या वह रेशम नेपाल की खपत के लिए आया हुआ है या भारतीय बाजारों में प्रवेश करने के लिए आया हुआ है। आज चीन का लहसुन हमारे बाजारों में आ रहा है। हमारे देश में चीन का सामान गलत तरीके से आ रहा है।

आज आपने विश्व व्यापार संगठन की शर्तों को स्वीकार किया है। आज आप बाहर से चीनी मंगा रहे हैं, अनाज मंगा रहे हैं। अभी हमारे साथी, महेश्वर सिंह जी ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन की शर्तों के तहत हमें बाहर से सामान मंगाना पड़ेगा। यदि ऐसा है, तो फिर आप राज्यों को छूट क्यों नहीं देते हैं कि वे विश्व व्यापार संगठन की शर्तों को चाहें तो मानें, न चाहें तो न मानें। आप जब कहते हैं कि गन्ना राज्यों का विाय है और इसकी समस्याओं का निराकरण करना राज्यों का काम है, तो जब यह राज्य की समस्या है, तो फिर राज्यों को छूट दे दी जाए कि वे चाहें तो विश्व व्यापार संगठन की शर्तों को स्वीकार करें और यदि नहीं चाहें, तो स्वीकार न करें, फिर उनके ऊपर प्रतिबन्ध क्यों लगा रहे हैं ?

अध्यक्ष महोदय : कृपया समाप्त करिए।

कुंवर अखिलेश सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि हमें एक-दूसरे पर दोाारोपण नहीं करना चाहिए बल्कि अपनी ओर देखना चाहिए। अगर इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक हो, तो संसद की एक संयुक्त समिति का गठन करना चाहिए।

आदरणीय अजीत सिंह जी सदन में आ गए हैं। मैं कहना चाहता हूं कि वे एक महान् बाप के बेटे हैं और यदि आपके नेतृत्व में आज किसान खून के आंसू पी रहे हैं, तो निश्चित तौर पर चौधरी चरण सिंह जी की आत्मा आपको धिक्कारने का काम करेगी। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप कुर्सी के मोह से ऊपर उठिए। मैं बड़ी िवनम्रता से निवेदन कर रहा हूं और आपसे त्यागपत्र देने की नहीं कह रहा हूं।

मैं आपको अपनी जिम्मेदारियों से भागने की बात नहीं कह रहा हूं। अजीत सिंह जी, मैं यह कहना चाहता हूं कि आज भी किसान चौधरी चरण सिंह जी को देवतातुल्य समझते हैं। इसलिए आपसे कहना चाहता हूं कि आप अपने अधिकारों का उपयोग करके निश्चित तौर पर उत्तर प्रदेश में किसानों की जो दुर्दशा हो रही है, उस दुर्दशा से निजात दिलाने के लिए आगे आने का काम करिये।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और नियम 193 के तहत जो प्रस्ताव यहां लाया गया है, उसका समर्थन करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : श्री धनंजय कुमार जी, आपका भााण शुरू होने से पहले मैं सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण विाय है इसलिए हम इस विाय को आज पूरा नहीं कर सकेंगे। जिन वक्ताओं को भााण देना है, वह बाद में भी दे सकते हैं। हम सोमवार को यही विाय रखेंगे। मंत्री जी का उत्तर यदि उनको सुिवधा हुई तो सोमवार को ही हो जायेगा। यह बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में डिसाइड हुआ है।

कुंवर अखिलेश सिंह : अध्यक्ष महोदय, हमारा यह आग्रह है कि मंत्री जी सबको सुनते रहें। â€¦ (व्यवधान)

श्री राजो सिंह : अध्यक्ष महोदय, हम किताब में खोजते-खोजते मर गये कि चेयर का ध्यान कैसे आकर्ति करें, वह कहीं नहीं मिला। हम खड़े होकर बोलते रहे लेकिन तब भी आपका ध्यान नहीं गया। जब तक लिस्ट नहीं मिलती है, तब तक आसन की तरफ से भी नाम नहीं बुलाया जाता। यही दिक्कत होती है। आप इसे दो भाग में कर दीजिए। एक दिन सब वी.आई. पीज. बोलें और दूसरे हम जैसे लोग बोलें। हमने केवल पांच मिनट बोलने के लिए समय मांगा है। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : इसीलिए हमने दो भाग कर दिये हैं। आज वी.आई.पीज. भााण देंगे और सोमवार को दूसरे लोग भााण देंगे। श्री धनंजय कुमार जी, आप वी.आई.पी. हैं इसलिए आप भााण करिये।

SHRI S. BANGARAPPA : Sir, please make other Members also VIPs.

MR. SPEAKER: Yes, everybody is a VIP.

There is your Calling Attention tomorrow. Is it convenient to you?

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR (MANGALORE): Hon. Speaker Sir, agriculture is the mainstay of our economy. As we all know, agricultural sector had been contributing 50 per cent to our GDP, but over the years, contribution from agricultural sector has been coming down and at present, the contribution from the agricultural sector to our GDP has reached to the level of only 30 per cent. This result is on account of a thorough neglect of the sector by the administration. I am not trying to put the blame on any Government but the administration as a whole. We have been thoroughly neglecting this sector.

We believe in the age-old saying : कृाि तो नास्ती दुर्भिक्षम, which means agriculturists can never starve. But today, I was thrilled to hear from all the sections of this House in one voice that we are all worried about the problems that are being faced by the agriculturists. Unless we go to the root cause of the matter to bring up the entire agricultural sector from the difficulties, probably we will not be in a position to have an ultimate solution for this problem. The discussion initiated today under Rule 193 would be fruitful and meaningful if all of us join together in making certain suggestions to the administration to adopt a long-term policy for the agricultural sector. Unfortunately, we do not have a long-term policy at all, a comprehensive agricultural policy. We have seen that every Government has been trying to resort to cheap popularity measures. We give a bit here and a bit there and then try to take credit. I have great respect for Shri Deve Gowda and I had been listening to him patiently. The hon. former Prime Minister was trying to take credit for growth in the GDP.

He said, during his regime, the GDP growth rate was 9.5 per cent, forgetting for a moment that the GDP growth could not be achieved in such a short span of time. It was on account of the sustained, continued policy that was pursued by the earlier Governments that the GDP rate grew. In fact, in the following years, we have seen the net result of that regime. In the following years, there was a negative growth. Therefore, that should not be the attitude. All of us should jointly make an effort to find out a permanent solution for the problems that are being faced by the agriculture sector.

Let us examine as to what are the requirements of the agriculture sector. First is, sustained irrigation; second is, supply of quality seeds; third is, adequate supply of fertilisers and pesticides. These are the days where we talk about the usage of the organic manures. In that respect, God has given us plenty in this country, but we have not been able to utilise it properly. Fourth, there is the problem of supply of quality power to the agriculture sector. Today, the entire country is suffering for lack of adequate power. When the question of supply of power to the agriculture sector comes, the entire blame is put on the poor farming community saying that the farming community is enjoying free supply of electricity. I am not aware that it is so and the farming community has never enjoyed that. The farmer has never been supplied with adequate power.

Then, we have the problem of storage. It is said that 25 per cent of our produce is going waste on account of eating by rats and wild animals. We are not in a position to preserve what we produce. Storage is the biggest problem. Next, there is the problem of transportation. Finally, over and above all these things, the biggest challenge before us today is that of providing marketing facilities. Though the world over the best harvesting technology is used, we are not in a position to give that benefit to our farmers. The marketing problem is glaring at us.

As we all know, agriculture is in the Concurrent List in our administrative system. Both the Central as well as the State Governments are equally responsible. I would say that primarily, the State Governments should take up the responsibility because whatever little earning will be there to the exchequer, it will go to the coffers of the State Governments. The State Governments earn from the sale of the agricultural produce by way of sales tax. They also levy market cess. In some States, they also resort to levying of income tax on agriculture. The Government of India is not getting anything from the agriculture sector. Still, all of us are trying to make out a case that the primary responsibility is that of the Government of India. I am not just referring to the present Government; in the last 50-52 years, we have seen that Government after Government have tried their best, but still, we are not in a position to solve the problem.

Then comes the question of research and development. Our researchers have made good effort in this regard. They have come out with varied suggestions to improve the productivity and to protect our producers. But unfortunately, we are unable to transfer the technology, which we have developed in the laboratories, to the field. Until and unless that technology is transferred and it practically reaches the farmer, there will be no use. We have set up umpteen number of research stations, but unfortunately, none of the research stations is working to our satisfaction.

In fact, they are not in a position to improve the whole lot of the farming community.

We have failed in adopting the scientific method of farming. We have been talking too much about the regulations imposed by the World Trade Organisation. A reference was being made to China, forgetting for a moment that China has also become a Member of the WTO. Now, we can no more make that allegation against China because China has also become a Member of the WTO.

That being the situation today, knowing full well that the entire world has opened up, we must think about strengthening our economy. We forget the basics of our economy. Unless we bring back the agriculture sector to its original path and improve its contribution to the GDP, probably we will not be in a position to achieve the heights of the economy which we want to achieve.

Sir, there are umpteen number of schemes that are being implemented. I have a publication prepared by the Ministry of Information and Broadcasting. The present Union Government, under the able and dynamic leadership of Shri Atal Bihari Vajpayee, has come out with programmes numbering about 49. There are any number of programmes and schemes that are being implemented by the Government of India. As I have said, the primary responsibility of implementing these schemes again lies with the State Governments. The Government of India is releasing the funds; the Government of India is trying to implement the schemes, but unless the implementing agency is in a position to give benefits to the concerned, probably, we will not be in a position to get the result.

There are schemes like Watershed Management Scheme, Wasteland Development Scheme, Soil Erosion Prevention Scheme, being taken up by the Union Government. Similarly, there are a number of other schemes which I can point out. But today, the ground reality is that the farmer is not in a position to take advantage or reap the benefits of these schemes. Thousands and thousands of crores of rupees are being spent by the Government

of India every year. This year itself, we all know that around 56 per cent of our total budgetary allocations is earmarked for the rural development and agriculture sector. Unfortunately, a major portion out of this is being spent either in the name of rural development or poverty alleviation. Only a small amount is really being given directly to the agriculture sector.

Hon. Shri Deve Gowda was mentioning about subsidies. Nobody is against subsidies. But in reality, if you want to help the farming community, what is required is that you should create a situation wherein the farmer is able to sell his produce in the market at -- I do not say competitive -- a rate which will at least meet the cost of production and also provide facility of decent living to the farmer. That is all what is required.

Today, we all know that a son of a farmer takes birth under debt, lives in debt and dies in debt. This is a famous saying. We have been pleading with the Government of India to please come out with some schemes so that the farmer can feel himself free from debt. Now, this is a long storey. Whether once for all the entire debt can be wiped out, is a point for consideration by the entire House. We cannot ask only the Government to shell out the money. Unless we work out a proper mechanism as to how this money is spent and whether this will help the farmer once and for all to make him able to stand on his legs, the situation cannot be improved. All these aspects will have to be examined. But at least for the present, under the circumstances, until we are in a position to implement all these schemes and until we develop a scheme wherein a continued financial support goes to the farming community regularly, probably we will have to agree for some short-term measures.

For this, I would like to make 2-3 suggestions. I will be very brief. I want to hear from all sections of the House; we are all equally concerned about the problems of the farmers. Can we have a mechanism by which it will become mandatory both for the Government of India and the State Governments to allocate certain percentage of their income every year to the agricultural sector? Would it be possible? Can that be a part of our Constitution? Can it happen that compulsorily every Government would allocate a definite portion of the income to the agricultural sector?

SHRI H.D. DEVE GOWDA : Your argument goes negative with your 56 per cent subsidy!

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR : Okay. 56 per cent or a major portion goes as subsidy; major portion goes as Rural Development Fund, etc. But it should directly go to the agricultural sector. Unless we are able to agree − unless the entire House agrees − it will be very difficult. The Government alone cannot take a decision. It should be implemented by all the State Governments also.

This Government at least can take the credit for having introduced a new scheme of 'Kisan Credit Card' with insurance benefits. I do not say that it has totally brought the farming community out of the debt trap.

SHRI N. JANARDHANA REDDY (NARASARAOPET): But that Card has not increased the volume of credit. If you are able to do it, it would be better.

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR : That is what I am trying to place before the House. I do not say that it is comprehensive. My only submission is that they have made a beginning; let us continue with that. That scheme will be in existence only for five years. What will happen after five years? Will 'Kisan Credit Card' Scheme go after five years? But the farming community should get an assured financial support from the Government. That is my submission.

The last point is this. We will have to strengthen our exports. Today, fortunately we have become a surplus country, so far as many of the agricultural produce are concerned. We are already exporting sugar, wheat, rice, etc., apart from other commercial crops. Usually, the export package consists of coffee, tea, rubber, tobacco, etc. Apart from that, we have been able to export staple food also. This is a good sign. What is the credit that is being given to agri-exports? May I know whether agri-exports would also get the same facilities as the industrial products? This is a point for consideration and the hon. Agriculture Minister may think about this.

Shri Deve Gowda was referring to the 'prime lending policy'. Agricultural sector has always been treated with a step-motherly attitude; and I fully agree with that view. Never ever the financial institutions have fulfilled their obligations. They have never reached the limit of 18 per cent; always they reach only 14-15 per cent, that too, with great difficulty.

SHRI N. JANARDHANA REDDY : They reach only 11.2 per cent.

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR : They always grumble that agricultural sector is the defaulter. This attitude should change. Why is this problem there? Again, I will go back to the same point. Unless we make an arrangement to have sustainable financial support, the agriculturists cannot get out of this.

The last point is concerning my own Constituency. Shri Deve Gowda made a mention about this also. Today, the

growers of all the commercial crops like coffee, tea, rubber, arecanut, coconut, rubber, cashew, etc. are in great difficulty; and they are not able to meet both ends. I suppose, everybody is supporting me; I see that Shri Radhakrishnan is also nodding his head.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Everyday, I am raising this issue.

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR : The Market Intervention Scheme, which is being implemented by the Government of India, is not of great help to the farming community. As a short term measure, I would plead with the Government of India that they should continue with the Market Intervention Scheme. They should persuade the State Government to continue with this scheme and announce Support Price not only for staple food articles but also for the commercial crops so that the farmers can tide over this period of difficulty. In this way, we will be looking forward for good days.

The hon. Member has already touched upon the problems being faced by tobacco growers....(*Interruptions*)

SHRI HANNAN MOLLAH (ULUBERIA): Sir, the Chair has skipped our name twice. After the Congress speaker, we should have been given a chance to speak.

MR. SPEAKER: You can speak after him.

SHRI V. DHANANJAYA KUMAR : We have heard the slogan, '*Jai Kisan, Jai Javan and Jai Vigyan'.* I think '*Jai Vigyan'* should rejuvenate the *kisans.* The research undertaken in labs should be translated into the farm. Then only scientific farming is possible and then only productivity will go up. This is the only solution. Unless we improve our productivity, unless we are able to sell our products in the market, probably the long lasting solution will never be achieved. All of us should jointly endeavour in this regard and insist on the Government to make definite allocation to the agricultural sector.

I am sure that with this discussion, the House will be in a position to evolve an everlasting solution to the problems of *kisan.*

श्री हन्नान मोल्लाह (उलूबेरिया) : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री बसुदेव आचार्य जी द्वारा एक बहुत महत्वपूर्ण विाय पर सदन में चर्चा उठायी गई है और मैं भी अपने विचार इस संबंध में रखना चाहता हूं।

महोदय, जैसा बताया गया है, कृाि के क्षेत्र में आजादी के बाद जीडीपी ग्रोथ में योगदान 50 प्रतिशत था, लेकिन आजादी के 50 सालों के बाद वह योगदान घटकर 24-25 प्रतिशत पहुंच गया है। इसके दूसरी तरफ हम देखें, तो हमारे देश में 75 प्रतिशत लोग कृाि पर निर्भर हैं। लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि किसान को अपनी पैदावार का मूल्य नहीं मिल रहा है। एक तरफ किसान को कम पैसा मिल रहा है और दूसरी तरफ कन्ज्युमर को अधिक पैसा देना पड़ रहा है, लेकिन बिचौलिए अधिक से अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। किसानों को भी कम मिल रहा है और खरीददार को ज्यादा देना पड़ रहा है। यह सिस्टम ठीक नहीं है। इस स्थिति पर सरकार को ि वचार करना चाहिए और देखना चाहिए कि किस तरह से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

हर प्रदेश में किसानों की अलग-अलग समस्यायें हैं और समस्याओं का समाधान न होने की वजह से वे आत्म-हत्या कर रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश में कपास के किसानों ने पैस्टीसाइड पीकर आत्म-हत्या की । महाराट्र के गन्ना किसानों को उनका लागत मूल्य नहीं मिल रहा है और वे आत्म-हत्या कर रहे हैं। कर्नाटक के किसान भी आत्म-हत्या कर रहे हैं। केरल के किसान को प्लानटेशन का पैसा नहीं मिल रहा है, वे भी आत्म-हत्या कर रहे हैं। राजस्थान में सीकर के किसानों को प्याज का मूल्य नहीं मिल रहा है, इस वजह से वे भी आत्म-हत्या कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों को पैसा नहीं मिल रहा है. वे आत्महत्या कर रहे हैं। किसानों के अंदर जो आत्महत्या की होड़ लग गई है, उसका क्या कारण है। ऐसा नहीं होना चाहिए। हमारे देश में किसानों की बहुत बातें की जाती हैं, लेकिन ज्यादातर धनी किसानों का ही ध्यान रखा जाता है। हमारे देश में 20 प्रतिशत बड़े किसान हैं, मगर 80 प्रतिशत मझोले, गरीब और खेतीहर मजदूर हैं - उनके बारे में ज्यादा बात नहीं की जाती।

महोदय, मंत्री जी ने 400 प्रतिनिधि बताए मगर वे प्रतिनिधि धनी किसानों की वकालत करते हैं, गरीब, छोटे और मझोले किसानों की वकालत करने वाले लोग ज्यादा नहीं मिलते। उन्हे जो सुविधाएं मिलती हैं - चाहे ट्रेक्टर, रास्ते, खाद, बैंक या एक्सपोर्ट की सुविधा हो, उसे 20 प्रतिशत जो बड़े किसान है, वे ही उसे प्राप्त करता है, छोटे किसान जो 80 प्रतिशत हैं उन्हें यह सुविधा नहीं मिलती। हमारे हिन्दुस्तान का 50 साल का सबसे बड़ा दुर्भाग्य यही रहा है कि सरकार ने भूमि सुधार करने पर ध्यान नहीं दिया। उसी का परिणाम है कि कुछ बड़े-बड़े लोग जमीनों पर कब्जा करके बैठे रहते हैं, बेनामी कब्जा करके रखे हैं। ऐसा करते हुए, उन्होंने भूमि सुधार को चौपट तथा छोटे और मझौले किसानों का सत्यानाश कर दिया है। बाद में जब हरित क्रांति हुई तो उसे पूरे देश में फैलाने का काम करना चाहिए था मगर हमारी गलत नीतियों के कारण यह काम नहीं हुआ, इसीलिए आज यह समस्या आ रही है। हर जगह से किसानों द्वारा आत्महत्या की खबरें आ रही हैं, जो चिन्ता की बात है।

आज आपने किसानों की समस्याओं को चर्चा का विाय बनाया, यह अच्छी बात है। सम्मन है, सब की सहमति से शायद उनका कुछ हल निकल आए। हमारा देश तभी बचेगा जब किसान बचेगा - किसान बचेगा तो देश बचेगा - इस स्लोगन को हम क्रियान्वित कर सकते हैं। यहां किसानों की बहुत सी समस्याओं के बारे में बताया गया, किसान को इनपुट्स मिलने में समस्या है। उसे समय पर सही बीज नहीं मिलता है। आजकल विदेशी बीज आ रहा है, उसे वे बोते हैं तो उसके अलग-अलग नतीजें आते हैं। उसके बाद उनका इतना खर्चा बढ़ जाता है कि कोई उसे एफोर्ड नहीं कर सकता है, इसलिए आत्महत्याएं बढ़ रही हैं। इनपुट्स भी दो नम्बर का आ रहा है, इस कारण भी किसान मर रहा है। फर्टिलाइजर, सीड्स आदि सारे इनपुट्स की गारंटी किसानों को सही समय में मिले, इसका क्या इंतजाम हो सकता है, इसके लिए एक सहमति से एक रास्ता निकालना बहुत जरूरी है।

महोदय, मार्केटिंग फैसिलिटी भी किसान को ठीक से उपलब्ध नहीं है। वह सामान बनाता है लेकिन उसे बेचने की ठीक से जगह नहीं है। उसके लिए उसे मंडी में पहुंचाना भी मुश्किल हो जाता है। बाजार न मिलने के कारण छोटे और मझोले किसान सबसे ज्यादा मरते हैं, क्योंकि वे अपना सामान गांव से शहर तक नहीं पहुंचा सकते। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि ऐसे किसानों के लिए बाजार और मार्केटिंग की व्यवस्था ज्यादा बढ़ानी चाहिए। बाजार को किस तरह मजबूत किया जा सकता है - मिडलमैन को घटाने से यह समस्या काफी हल हो सकती है। महाराट्र का प्याज का एक रुपए का बोरा हम छ: रुपए में खरीद रहे हैं। इसमें मिडलमैन बीच में खा

रहा है। अगर मिडलमैन बीच में से निकल जाता है तो यह समस्या हल हो सकती है। मिडलमैन को बीच में से निकालना चाहिए, मगर इसके पीछे जो पोलिटीकल पार्टियां हैं, उनका बल है। चंदे, बाहुबल और ताकत से मिडलमैन सारी पोलिटीकल पार्टियों को पीछे से मदद करता है, इस कारण ये उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं हैं। इसलिए 50 सालों में सबसे मजबूत मिडलमैन हुआ और इसके कारण किसान भी मर रहा है, लूट रहा है। दूसरी तरफ जो खरीददार और उपभोक्ता है, उसे भी लूट रहा है। इस समस्या को किस तरह दूर किया जा सकता है, इस पर भी सरकार का ध्यान जाना जरूरी है।

इसके साथ-साथ ऋण की भी समस्या है। हमारा किसान लोन लेकर जन्म लेता है, लोन के साथ जीता है, बेटे के ऊपर लोन थोप कर मर जाता है और इस तरह पीढ़ियों तक यह लोन चलता रहता है।

आज भी देश में इतनी संस्थाएं हैं लेकिन वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करती हैं। बैंक तो 11-12 प्रतिशत से कम दर पर पैसा देता नहीं है, इसलिए यह जिम्मेदारी भी सरकार को पूरी करनी पड़ेगी। सरकार को देखना पड़ेगा कि वित्तीय संस्थाएं किस प्रकार से किसानों को सस्ता और सुलभ ऋण दें। सरकार को मजबूती से इस बात को देखना पड़ेगा कि किसानों की आर्थिक मदद हो, ऋण उन्हें ठीक समय पर मिले।

आज कृाि के क्षेत्र में नयी तकनीक आ रही है लेकिन हमारी जो एक्सटेंशन सर्विसेज हैं उनके बारे में सरकारी ऑफिसर्स का काम है कि वह इस बारे में किसानों को सचेत करे, उन्हें आधुनिक तकनीक के बारे में बताए, उन्हें उसके प्रयोग के बारे में सिखाए। पहले जो किसान को सिखाया था वह तकनीक पुरानी हो चुकी है और नयी तकनीक को सिखाने के लिए आज कोई नहीं है। फूड प्रौसेसिंग की नयी तकनीक, खाद कैसे डाला जाए, कितनी मात्रा में डाला जाए - यह सब सिखाने वाला किसान के लिए कोई नहीं है। ऋण किसान को कैसे मिलेगा, यह बताने वाला कोई नहीं है। वही पुरानी तकनीक चल रही है और एक्सटेंशन सर्विसेज का आधुनिकीकरण नहीं किया गया है। इन सब बातों की जानकारी किसान को मिले, इसकी जिम्मेदारी भी सरकार को लेनी चाहिए।

आज कृाि में नियोजन कम हो रहा है। हमारी छठी योजना में नियोजन पर 10 प्रतिशत खर्च होता था लेकिन वह घटते-घटते पांच प्रतिशत से भी नीचे आ गया है। पैसे का वौल्यूम बढ़ गया है लेकिन प्रतिशत, प्रति व्यक्ति के हिसाब से देखें तो वह कम हो गया है और होता जा रहा है। हमारे 75 प्रतिशत किसानों को बचाने के लिए इतने नियोजन से कार्य पूरा नहीं हो सकता। सरकार को देखना चाहिए कि उसका प्रतिशत चाहे 15 हो या 20 हो लेकिन वह किसान के हित के लिए कंप्लसरी करना चाहिए। आज कृाि के क्षेत्र में पूंजी-निवेश नहीं हो रहा है। सरकारी निवेश घट रहा है और प्राइवेट लोग इस क्षेत्र में पूंजी लगाना नहीं चाहते हैं। इसलिए यह सरकार की जिम्मेदारी है कि कृाि के क्षेत्र में पूंजी निवेश करे और किसानों के हित के लिए सभी पक्षों से मिलकर इस विाय में कोई योजना बनाने की कोशिश करे।

अध्यक्ष जी, एमएसपी का जहां तक सवाल है, वह ठीक समय पर नहीं मिलता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य ठीक से न मिलने के कारण भी किसानों की परेशानियां बढ़ रही हैं। उत्तर प्रदेश और महाराट्र का किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य ठीक न मिलने के कारण कितना परेशान है, उसकी चर्चा सदन में पहले हो चुकी है।

हमारे देश में 50 हजार करोड़ रुपये की फसल ठीक से रख-रखाव न होने के कारण बर्बाद हो जाती है। पैरिशेबल-गुड्स को बचाने के साधन और उपाय सरकार ने नहीं किये हैं। आज किसान के सामने उसके रख-रखाव की समस्या सबसे अधिक है। सरकार द्वारा पैरिशेबल-गुड्स को बचाने के जितने उपाय किये जाने चाहिए वह आज नहीं हो रहे हैं। सरकार को इस समस्या की ओर भी ध्यान देना चाहिए।

खाद के बारे में बताया गया है कि खाद के कारखाने बंद हो रहे हैं जबकि आज कृाि में ज्यादा से ज्यादा फर्टिलाइजर की जरूरत है। खाद आप बाहर से आयात कर रहे हैं और देश के कारखानों को आप बंद कर रहे हैं। यह बात ठीक नहीं है। इस पर भी सरकार को विचार करना चाहिए। हमारी जो दालें हैं उनका उत्पादन भी आज नहीं बढ़ रहा है और सरकार उनका आयात कर रही है। आयात करने में सरकार का स्वार्थ है। जितना बाहर से उनका आयात होगा, उतने ही बिचौलिये होंगे और उन बिचौलियों को फायदा होगा। ऑयल-सीड्स और दालों का उत्पादन बढ़ाने से हमारे किसानों को ज्यादा फायदा मिल सकता है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

सबसिडी के बारे में पूर्ववक्ताओं ने बताया कि अमेरिका 180 बिलियन डॉलर सबसिडी देता है लेकिन हम एक बिलियन डॉलर ही देते हैं। मतलब उसका एक हिस्सा सबसिडी देते हैं। इसके लिए भी बाहर के कई मुल्क चिल्ला रहे हैं। सरकार डबल्यूटीओ में किसानों के हक की लड़ाई लड़ने में कामयाब नहीं रही। उसे किसानों को बचाने के लिए वहां ठीक ढंग से लड़ाई लड़नी चाहिए थी। सरकार की इसमें कमी रही है। यह भी हमारे सामने एक समस्या है। हमें किसानों की समस्याओं को सामूहिक रूप से देखना चाहिए। हमारा किसान धनी किसान नहीं है। वह मझौला और गरीब किसान है। हमारे यहां 14-15 करोड़ खेतिहर मजदूर हैं। उनके बिना खाद्यान्न का उत्पादन नहीं हो सकता। आज खेतिहर मजदूरों की हालत खराब है। उसके लिए न कोई कानून है और न ही चिकित्सा का प्रबन्ध है। उनकी समस्याओं की तरफ देखना जरूरी है। यदि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बचाना है तो सरकार को सामूहिक रूप से एक पॉलिसी बनानी चाहिए तभी किसान बच सकता है। जैसी इस समय सरकार की पॉलिसी है, उससे किसान बच नहीं सकता है। अगर इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो ज्यादा से ज्यादा आत्महत्या की खबरें आएंगी और वे एक दिन उल्टा रास्ता अपनाएंगे। आज किसान जो चुपचाप बैठे हैं, वे ज्यादा दिन चुपचाप नहीं बैठेंगे। किसान जागेगा तो कृाि क्रांति देश को उलट-पलट कर सकती है - यह बात सरकार को ध्यान में रखनी चाहिए। इतना ही कह कर और धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) : अध्यक्ष महोदय, भारतर्वा में किसानों की समस्याएं तब से ही चली आ रही हैं, जब से हमारा देश स्वतंत्र हुआ। यद्यपि हर सरकार ने किसानों की ओर ध्यान देने की कोशिश की।

17.42 hrs. (Shri P.H. Pandian in the Chair)

जिस किसान को भारत की रीढ़ की हड्डी समझा जाता है, आजादी के पिछले 50 वार्ों में उसकी ओर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। आज सारा सदन किसानों की समस्याओं के ऊपर विचार कर रहा है। समस्याएं आज भी हैं लेकिन मैं माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने सत्ता सम्भालते ही टोटल बजट का 58 परसैंट किसानों पर खर्च करने का संकल्प लिया। उसी का परिणाम है कि आज किसानों की दशा सुधारने के लिए हमने कई किसानों को क्रेडिट कार्ड दिए और फसल बीमा योजना लागू की। आज जब देश के किसानों को इस सदी के भयंकर सूखे का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ा तो प्रधान मंत्री जी आगे बढ़ कर आए और उन्होंने न केवल दो हजार करोड़ रुपए की राशि किसानों को पैकेज के रूप में दी बल्कि इससे अलग 1186 करोड़ रुपये का प्रावधान किसानों के लिए किया। एक मिलियन 36 लाख टन अनाज जिस की लागत 1500 करोड़ रुपए के लगभग बनती है, इतनी राशि का अनाज विभिन्न प्रदेश सरकारों को दिया जिससे आम किसानों के सामने जो भी समस्याएं आ रही हैं, उनका समाधान हो सके।

कल जो आर्थिक समीक्षा सदन के सामन रखी गई, उसे देख कर लगता है कि पहले तीन बार जब-जब भी देश में सूखा पड़ा,

सूखे के परिणामस्वरूप देश की मुद्रास्फीति दर दो अंकों में प्रवेश कर जाती थी। हमें विदेशों से अनाज मंगवाना पड़ता था। इतना ही नहीं, जब हम विदेशों से अनाज मंगवाते थे, दूसरे देश हमारी आंतरिक पालिसीज में हस्तक्षेप करने की कुचेटा करते थे। मुझे याद है आज से 35 वर्ा पहले 1967-68 में जब भी हमारे नेता को किसी बाहर के देश में जाना पड़ता था तो हमारे नेताओं के कार्टून अखबारों में छपते जिसमें लिखा होता था: 'दे दे, अल्ला के नाम पर दे दे, इंटरनेशनल फकीर आये हैं' 'ये पैसा मांगने आये हैं या रुपया मांगने आए हैं ।' मैं माननीय श्री वाजपेयी जी को बधाई देना चाहता हू कि उनके साढ़े चार साल के शासनकाल में विदेशीमुद्रा को 64 बिलियन डालर तक पहुंचा दिया। इतना ही नहीं, आज हमारे देश में 60 मिलियन टन अनाज गोदामों में भरा पड़ा है। आज मुद्रास्फीति की दर 3 परसेंट या उससे कम

है वरना जब भी इस तरह की बातें होती हैं तो मुद्रास्फीति की दर भी बढ़ जाया करती है। हम समझते हैं कि आज किसानों को उनकी फसलों का लाभप्रद मूल्य मिलना चाहिये लेकिन यह नेतृत्व पर निर्भर करता है कि राज्य सरकार का केन्द्र सरकार से किस प्रकार का सहयोग रहना चाहिये।

सभापति महोदय, पिछले वर्ा जिस प्रकार पंजाब और हरियाणा में धान की फसल को लेकर समस्या आई, उस समय पंजाब के पूर्व मुख्य मंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल और हरियाणा के वर्तमान मुख्य मंत्री प्रधान मंत्री जी से मिले और सारे धान को उठाने का बंदोबस्त कराया जिससे किसानों की समस्या का हल हुआ। पंजाब के वर्तमान मुख्य मंत्री किसानों के लिये राहत लेने नहीं आये, बल्कि मीडिया में अपनी वाह-वाही लेने के लिये प्रधान मंत्री निवास पर धरने पर आकर बैठ गये। अच्छा होता यदि वे प्रधान मंत्री जी मिलने के लिये समय फिक्स करते और पंजाब के किसानों को आ रही धान की समस्या को हल कराते। आज हमारे विरोधियों ने आसमान सिर पर उठा रखा है।

SHRI J. S. BRAR : Sir, the Chief Minister of Punjab had come here to request the Prime Minister to help the State for procurement. He was arrested at his residence. So, it is not a fact that he had come only for propaganda. He had come to plead the cause of the farmers of the State.

श्री रतन लाल कटारिया : वे किसानों की भलाई के लिये नहीं बल्कि सस्ती लोकप्रियता अर्जित करने के लिये आये थे। मैं सदन को बताना चाहूंगा कि आज राजस्थान में लोग भूख से मर रहे हैं, मध्य प्रदेश के अंदर मर रहे हैं और कांग्रेस शासित प्रदेशों में इसी प्रकार की समस्यायें आ रही हैं।

MR. CHAIRMAN : The debate is only for raising the issues for the welfare of farmers, and not for raising any political issue.

श्री रतन लाल कटारिया : सभापति महोदय, मैं फार्मर्स की बात कर रहा हूं। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि 1982 में हरियाणा में कांग्रेस सरकार थी। उस समय केवलमात्र एक रूपया गन्ने का मूल्य बढ़ाने की मांग की गई और हरियाणा के किसान यमुना नगर में गये। उस समय की सरकार ने उन्हें घोड़ों की खुरों के नीचे कुचलवा दिया, गर्म पानी के फव्वारे छोड़ दिये, और ये लोग आज किसानों के दर्द की बात कर रहे हैं। किसानों की बेसिक समस्या को हल करने के लिये एक लौंग टर्म पॉलिसी बनाने की जरूरत है।

जहां तक धान की बात हो रही है, यदि भारत सरकार भी वेल्यू एडिशन प्रणाली अपनाए तो वह भी जापान की भांति धान के बायो प्रोडक्टस् से धान की फसल की कीमतों में 200 रू. से 250 रू. प्रति क्विंटल का बढोतरी करा सकती है।

हम चाहते हैं कि जो वैल्यू बेस्ड एडीशनल चीजें हैं, धान कूटने के बाद जो बाई-प्रोडक्ट्स निकलते हैं, उनका फायदा उठाया जा सकता है। इसी तरह से गेहूं की कीमत को स्थिर रखने के लिए उसकी बाई-प्रोडक्ट्स के उपयोग हेतु फूड प्रोसेसिंग प्लान्ट्स सारे देश में लगाये जा सकते हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि आज जो बातें सामने आ रही हैं, उनमें कई बार किसान जब अपने खेतों में कीटनाशक दवाइयां छिड़कते है तो वह दवाई नाक में चढ़ जाने की वजह से कई बार उनकी मृत्यु तक हो जाती हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जिस प्रकार एक डाक्टर को इस बात का लाइसेंस दिया जाता है कि वह गांवों में जाकर मनुयों की बीमारियों को डायग्नोस करे, उसी तरह से जो एग्रीकल्चर में रिसर्च करके डाक्टर बनते हैं, उन्हें भी लाइसेंस दिये जाएं कि वे गांवों मे जाकर प्रैक्टिस करें और किसानों को प्रशिक्षित करें कि उन्हें कितना बीज और खाद डालनी है। कौन सी खाद एडल्ट्रेटिड है और कौन सी पेस्टीसाइड का क्या प्रभाव है। इस तरह की परमीशन देने से देश की बेरोजगारी भी मिटेगी और किसानों की समस्याएं भी थोड़ी कम होंगी।

सभापति महोदय, आज हम ड्राई लैंड फार्मिंग सिस्टम अपनाकर अपने देश को इजराइल की तरह कृाि के क्षेत्र में आगे बढ़ा सकते हैं। हम यह मानते हैं कि देश की आजादी के 55 साल बीतने के बाद भी टोटल इरीगेटिड एरिया बिलो 40 परसेन्ट है। इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने इनीशिएटिव लिया है कि देश की सारी नदियों को इस तरह से मिला दिया जाए ताकि उनके पानी को समुद्र में जाने से रोक दिया जाए तथा उस पानी को देश में इरीगेशन के काम में लाया जाए।

हरियाणा प्रदेश में आज भी एस.वाई.एल. नहर के निर्माण का काम पूरा नहीं हुआ है। मैं इस महान सदन के माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक डैडलाइन दी है कि 15 जनवरी, 2003 तक एस.वाई.एल.नहर के निर्माण का कार्य पूरा हो जाना चाहिए।,लेकिन पंजाब सरकार ने इस बारे में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने जो डैडलाइन दी है, वह भी नजदीक आ रही है। हम चाहेंगे कि अगर पंजाब सरकार एस.वाई.एल. नहर को न बनाये तो भारत सरकार उसमें इंटरवीन करे और हरियाणा के किसानों को उनके हिस्से का पानी प्रदान कराये।

मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि इस थोड़े से समय के अंदर इसने नौवीं योजना के अंतर्गत 99 मिलियन 76 हैक्टेअर भूमि के लिए पानी का प्रबंध किया है यानी उसे पानी के लायक बनाया है और देश के अंदर जो छोटी-बड़ी 3596 मेजर तथा माइनर इरीगेशन प्रोजेक्ट्स थे, उन पर कार्यवाही की गई। अब भी भारत सरकार 207.77 मिलियन हैक्टेअर और जमीन को सिंचित करना चाहती है। उसके लिए भारत सरकार ने 8480 करोड़ रुपये की प्रोजेक्ट्स बनाई हैं, जिनमें राज्य सरकारों को मदद दी जायेगी। इस मद में 2800 करोड़ रुपये राज्य सरकारों को वर्ा 2002-2003 में दे दिये गये हैं। इससे देश में इरीगेटिड एरिया को बढ़ाने में हमें मदद मिलेगी।

महोदय, देश के विभिन्न क्षेत्रों में पंजाब और हरियाणा के किसानों के सामने पैडी और गेहूं की समस्या है। इसी तरह से पश्चिम बंगाल में पटसन की समस्या है तथा देश में जो हिस्से काफी, रबड़ और चाय आदि का उत्पादन करते हैं, उनकी भी समस्याएं हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने उनकी समस्याओं को हल करने के लिए पांच सौ करोड़ रुपये का पैकेज प्लान्टेशन स्कीम के अंतर्गत दिया है। मैं प्रधान मंत्री जी को इसके लिए बधाई देना चाहता हूं।

So, the problems are being created by the Government instead of solving them. They are responsible even for kidney selling by the farmers. The farmers are selling away their children and they are even stooping to their killings. I squarely hold the Government responsible for the present condition of the farmers of this country. They have to think about it and come up with some solutions.

श्री मंजय लाल (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, मैं धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे दो शब्द अपने ही विाय पर, किसानों के संबंध में सदन में जो चर्चा चल रही है, उस पर बोलने का मौका दिया। ...(व्यवधान) मैंने सभापति जी को पहले तो किसानों की समस्या रखने के लिए धन्यवाद दिया है और दूसरा धन्यवाद उनको सभापति की हैसियत से दिया है।

भारत कृाि प्रधान देश है। यह मुख्यतः गांवों का देश है,

गांव यानी किसानों का देश है। यदि किसान खुशहाल है तो देश खुशहाल है, यदि किसान दुखी है तो देश दुखी है। यदि गांव टूटेगा तो देश टूटेगा और आज गांव टूट रहा है। 55 वर्ा की आजादी के बाद भी किसान हताश और उदास हो रहा है, किसानों की बर्बादी हो रही है और उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है, क्योंकि किसानों का कोई संगठन नहीं है, उनकी बात कोई सुनने वाला नहीं है। स्वनाम धन्य स्वामी सहजानन्द सरस्वती, जिन्होंने किसानों की आवाज को लेकर सारे देश में किसानों का संगठन बनाया था। उनके किसान आन्दोलन में अंग्रेजी राज में मैं भी एक वालेण्टियर की तरह काम करता था। किसानों के मंच पर जब स्वामी जी जाते थे तो वालेण्टियर लोग गाना गाते थे। मैं गाऊंगा नहीं, मगर वे कहते थे: "धनवा तोरा लूटे लुटेरा, बातें ना माने किसाना मा, सरकार लूटे, जमींदार लूटे और लूटे महजनवा।" â€¦ (व्यवधान) स्वामी जी कहते थे, मगर 55 वर्ा की आजादी के बाद भी हालत किसानों की खस्ता है। किसान लुट रहे हैं और उनको लूटने का सबसे बड़ा जरिया दामों की लूट है। डॉ. लोहिया कहा करते थे: "पेट है खाली, मारे भूख, बन्द करो दामों की लूट।" आज दामों की लूट है। किसान जब कोई चीज पैदा करता है, उस वक्त चाहे छोटा या बड़ा किसान हो, उसे सस्ते रेट में आवश्यक सामान खरीदने के लिए बेच देना पड़ता है। उसी सामान को जब छः महने बाद बिचौलिये से खरीदते हैं तो दुगने तिगुने दाम पर खरीदना पड़ता है। इसलिए डॉ. लोहिया ने कहा था: "अन्न दाम का घटना-बढ़ना..."

श्री राजो सिंह : वे खेत जोतते थे?

सभापति महोदय : उन्हें बोलने दो, राजो सिंह जी। आप इधर देखकर बोलिये।

श्री मंजय लाल : लोहिया जी खेत नहीं जोतते थे, लेकिन मैं तो किसान हूं, हमारे पूर्वज किसान थे और मैं भी किसान रहूंगा। इसलिए मैं किसानों की बात करता हूं, पर लोहिया जी रहबर थे, रास्ता बताने वाले थे। "पेट है खाली, मारे भूख, बन्द करो दामों की लूट।" दामों की लूट है और हम कहते हैं कि सरकारी स्तर पर दाम हम तय करते हैं, गेहूं का करते हैं, धान का करते हैं, लेकिन उसमें किसानों का प्रतिनिधि नहीं रखते हैं। वे क्या जानें पीड़ पराई - मखमल में बल खाते हैं, वे बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं में रहने वाले आफिसर किसानों की भूख को क्या जानें, जो उनके दामों को तय करते हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि दामों की लूट बन्द करने के लिए जो दाम तय हों, उसमें किसान के प्रतिनिधि को अवश्य रखा जाये और उन्हें मान्यता दी जाये।

साथ-साथ कृाि उत्पादन की वस्तु और कारखाने में जो वस्तु पैदा होती है, इनकी कीमत में कोई पैरिटी नहीं है, संतुलन नहीं है। इसलिए जैसा उन्होंने कहा था: "अन्न दाम का घटना-बढ़ना, आना सेर के भीतर हो, करखनिया माल का दाम लागत खर्च से ड्यौढ़ा हो।" जो माल कारखाने में पैदा होता है, उसकी कीमत डेढ़ गुनी से बेसी नहीं होनी चाहिए। मगर आज कारखाने में जो चीज एक रुपये में पैदा होती है, वह मार्केट में जाकर सात रुपये में मिलती है, इसलिए एग्रीकल्चर गुड्स और औद्योगिक गुड्स की कीमत में पैरिटी नहीं है। आज जहां एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स की कीमत यदि गधे की रफ्तार से बढ़ रही है तो औद्योगिक माल का दाम घोड़े की फर्लांग की दौड़ के अनुसार बढ़ रहा है।

इसलिए आज किसान मारा जा रहा है। किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक दवाएं, पानी और बिजली सब महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती है, लेकिन उसे अपना सामान सस्ते दामों पर बेचना पड़ता है, क्योंकि कृाि उत्पादों की कीमत तय नहीं हो पाती।

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर देश में सिंचाई का समुचित प्रबंध हो जाए तो उपज अपने आप दोगुनी हो जाएगी। लेकिन 55 वर्ा की आजादी के बाद भी हम 30 प्रतिशत से अधिक भूमि पर सिंचाई का प्रबंध नहीं कर सके हैं। हमारा देश कृाि प्रधान देश है। यहां के अधिकतर लोग खेती करते हैं, मगर वे आकाश पर भरोसा करते हैं। आकाश पागल है। कभी वह डुबो देता है और कभी सुखा देता है। भारत में कृाि जुए की तरह खेली जाती है। अगर मौसम सही हो, फसल अच्छी हो जाए, तो सरकार वाहवाही ले जाती है और कहती है कि हमारा उत्पादन बढ़ गया है। अगर मौसम ठीक नहीं रहता है तो कहा जाता है कि हम क्या करें। जब फसल बर्बाद हो जाए तो सरकार कहती है कि मौसम इसके लिए जिम्मेदार है। फसल अच्छी होने पर किसान को क्रेडिट नहीं मिले, सरकार को मिले, मैं इसको मुनासिब नहीं समझता हूं।

हमारे देश में जल पर्याप्त मात्रा में है, लेकिन उसका प्रबंधन ठीक नहीं है। देश में वाटर मैनेजमेंट सबसे पहले करना चाहिए। जो के.एल. राव का प्रस्ताव है और जैसा प्रधान मंत्री जी ने भी कहा है, छोटी-बड़ी नदियों को जोड़कर जल का प्रबंधन करना चाहिए।

हमारे देश में फसल बीमा योजना चलाई गई है। लेकिन उसका निपादन तहसील के ऊपर किया जाता है। जैसे मेरे क्षेत्र में अगर नेपाल का पानी आ जाए तो बाढ़ आ जाती है। इस तरह से आधा क्षेत्र में बाढ़ में डूब जाता है और आधा सुखाड़ में चला जाता है। लेकिन वहां सुखाड़ के लिए पैसा नहीं मिलेगा, क्योंकि फसल बीमा का निर्धारण तहसील के आधार पर तय होता है या जिला के आधार पर तय होता है। मैं चाहता हूं कि फसल बीमा योजना व्यक्तिगत किसान की लाभ और हानि के आधार पर लागू होनी चाहिए।

सभापति महोदय : मंजय लाल जी, अब आप समाप्त करें।

श्री मंजय लाल : मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। किसानों को क्रेडिट कार्ड देने की योजना चलाई गई है। पहले देश में कमर्शियल बैंक थे, अब किसानों के उद्धार के लिए ग्रामीण विकास बैंक भी खुले हैं। इन क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंकों में किसानों का पैसा जमा हो रहा है, तो मैं चाहता हूं कि इसका उपयोग कमर्शियल बैंकों की तरह किसानों में ही उनकी उन्नति के लिए हो। लेकिन देखा जा रहा है कि इन बैंकों का पैसा मुम्बई, कोलकत्ता और चेन्नई जैसे बड़े-बड़े शहरों के कारखानों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। गांव का पैसा गांव में ही लगना चाहिए। एक तरफ हम किसानों की समस्या पर बात करते हैं, दूसरी तरफ हमारे यहां बरौनी का जो खाद का सबसे बड़ा कारखाना था, यूरिया पैदा करता था, वह बंद हो गया है। इसी तरह से सिंदरी का खाद का कारखाना भी बंद हो रहा है। हम खाद को विदेशों से मंगाएंगे और विदेश वाले कब बंद कर दें, इसका कोई पता नहीं है। इससे किसानों को खाद की और समस्या पैदा हो जाएगी। मेरा सरकार से निवेदन है कि सरकार इन बंद हुए कारखानों को अपने हाथ में ले और इनमें पूंजी लगाकर उनका आधुनिकीकरण करे, जिससे उनमें काम चालू हो सके।

सभापति महोदय : दो मिनट हो गए हैं, अब आप समाप्त करें, क्योंकि अभी बहुत से माननीय सदस्य बोलने वाले हैं।

श्री मंजय लाल : मैं कभी नहीं बोलता और अपनी पार्टी तथा जनता दल (यू) से भी मैं ही अकेला बोलने वाला हूं। मैं एक सुझाव सरकार को और देना चाहता हूं। हमारे देश में बहुत सी जमीन बंजर और परती पड़ी हुई है। सरकार को चाहिए कि वह बेकार नौजवानों की भूमि सेना बनाए और सरकारी पैसे से उनकी सेना को साथ लेकर उस बंजर और परती भूमि पर खेती कराई जाए।

***SHRI S. MURUGESAN (TENKASI):** Hon. Chairman Sir, let me begin with a thanks for giving me an opportunity to participate in this discussion to highlight the problems faced by the farmers. Almost every session we the members

bring to fore the problems of the farmers but they have not got redressed as yet. They have not got rid of their problems which are one too many. We witness all over India the rampant problem of debt burden that crushes the farmers. Hon. Member Shri Janardhan Reddy who spoke ahead of me also pointed out that a target has been fixed by the Reserve Bank in the distribution of loans extended by the nationalised banks through the various schemes meant for the agricultural sector. About 18% has been earmarked for agricultural sector in the total amount set apart by the nationalised banks to be distributed as loan to various sectors under Central schemes. If you cull out the truth from the statistical figures available not even 10% of it is distributed to the needy farmers and agriculturists and poor agricultural labourers in the rural areas. Even this amount is diverted through NABARD. Even the loans distributed through NABARD are not reaching the needy and agriculturists in a proper way. The remaining 8 % is routed through NABARD by the nationalised banks if only to ensure their interest earnings defeating the purpose of distributing it to the agriculturists. I understand that nationalised banks are interested in ensuring easy methods of earning interest on loan amount they extend. The loan schemes meant for the needy farmers must be properly distributed through NABARD. I urge upon the Union Agriculture Minister to ensure that they are distributed properly at a time when they are required so that it may be of help to improve our agro economy and the status of the farmers. My demand is that farmers must get direct loan facilities as and when they need to carry out their agricultural activities. There are several term loans available from the nationalised banks. The loan amount has to be repaid within a _____*Translation of the speech originally delivered in Tamil.

certain stipulated time. At times when havoc are caused by natural calamities the farmers do not get proper cover in time and their problems grow manifold with the increase of debt burden. Even small loans to the tune of about Rs 5,000 or 10,000 obtained through cooperative banks add up to the woes of farmers when they face huge problems due to natural disasters. The Governmental authorities are very stern in getting back the loan amount and even resort to methods like taking away the household material from hapless small farmers. At the same time we find there are many people not returning huge amounts of loans they have taken from the nationalised banks. These people from the other sectors have taken crores of rupees from nationalised banks and have rendered them as Non Performing Assets. They are not bothered to pay back in time. Instead they are treated with leniency. Why should there be such a discrimination only against the poor farmers who contribute a lot to our agro economy? I feel it is my bounden duty to bring to the notice of this august House the sorry plight of poor farmers suffering due to debt burden and remain a lot discriminated against. About 70 lakh metric tonnes of food grains are lying unused in our godowns. I would like to put forth the demand that those food grains should reach the needy poor farmers in the rural areas. We find food grain storage warehouses in almost every district headquarters. We find smaller godowns at Panchayat Union level and even village level. I would like to urge upon the Union Agriculture Minister to set up monitoring committees involving people's representatives like MPs/MLAs to oversee whether such stored food grains reach the needy people in the rural areas in a systematic way.

One of my esteemed colleagues brought to the notice of the House the plight of Cauvery Delta farmers as a result of the stalemate in Cauvery river water sharing dispute. Water scarcity affects farmers in many parts of the country due to drought but the problems faced by the Cauvery delta farmers are man-made and it is of an unprecedented dimension this year. The poor agricultural labourers in the Cauvery delta region were left high and dry. Seeing their plight our revolutionary leader the Chief Minister of Tamil Nadu Dr J. Jayalalitha announced a scheme for about Rs 21 crore distributing it as a relief to all the hard hit farmers as a Deepawali bonus. During Deepawali every farmer in the Cauvery delta region was extended with this benefit. I would like to record in this august House our leader's humanitarian gesture towards farmers.

I would like to welcome the recent announcement made by the Government to go in for Ganga Cauvery link canal scheme and the proposal to nationalise all the major rivers of the country. Today the Supreme Court has also reiterated that. I would like to point out that this was raised in the Upper House some years back when our leader Dr Puratchi Thalaivi Jayalalitha was a member of Rajya Sabha. My humble suggestion to this Government would be that you must take all possible steps to ensure that the benefits of all the schemes reach the poor farmers directly.

I would like to bring to your notice the plight of tea growers also. Our tea market especially Indian production is hard hit by the import policy of this Government. Tea is freely imported from the neighbouring countries and it drastically affects the interests of our domestic tea growers. Without import duty the foreign tea flood our market. This affects thousands of our agricultural labour in our tea plantations. Taking into consideration the ground reality prevailing, our leader the Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Dr J. Jayalalitha, took efforts to sell tea through cooperatives so that there could be procurement of tea and thereby a great relief to small tea growers in particular. That pragmatic effort of our leader to ensure marketing distribution of tea has started yielding results benefiting farmers. It was pointed out by an hon. Member in the House that farmers in Tamil Nadu are forced to eat rats and die. I would like to refute it and I would like to point out that it is nothing but an exaggerated statement. It is also an insult hurled at the farmers and it is also demeaning. Such a situation is not there in Tamil Nadu at least for now.

We must come forward to do our best to improve the lot of our agriculturists. Only when farmers live, we can sustain ourselves and hope for prosperity. Hence I urge upon the Government to attend to the problems of the farmers.

With this, I conclude.

श्रीमती कान्ति सिंह (बिक्रमगंज) : सभापति महोदय, नियम 193 के तहत माननीय सदस्य, श्री बसुदेव आचार्य जी ने देश में किसानों की समस्याओं के बारे में सदन में चर्चा उठायी और देश के 80 फीसदी किसानों की समस्याओं को इस सदन में रखने का उन्होंने अवसर दिया है, इसके लिए मै उनको धन्यवाद देना चाहती हूं।

महोदय, देश में किसानों की समस्यायें क्या हैं, उनके बारे में मेरे से पूर्ववक्ताओं ने अपने विचार रखे हैं। चाहे ईख पैदा करने वाले किसान हों या धान पैदा करने वाले किसान हों या नारियल पैदा करने वाले किसान हों या अन्य प्रकार की खेती करने वाले किसान हों, उन समस्याओं के बारे में सदन में बताया गया है कि किस तरह से किसान त्राहिमाम कर रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहती हूं कि इस चर्चा में केवल कृाि मंत्री का ही उपस्थित होना आवश्यक नहीं है, कृाि मंत्री के साथ-साथ सिंचाई मंत्री, फर्टिलाइजर मंत्री, खाद्य आपूर्ति मंत्री और सार्वजनिक वितरण मंत्री का भी उपस्थित होना आवश्यक है। मेरे विचार से तब जाकर किसानों की समस्याओं का समाधान हम कर सकते हैं। अगर एक ही मंत्री यहां पर किसानों की समस्याओं के समाधान के बारे में जवाब देंगे, तो समस्याओं का समाधान नहीं होगा। वास्तव में देखा जाए, तो किसानों की समस्याओं के बारे में इस सदन में अनेक बार बहस कर चुके हैं।

लेकिन आज भी किसानों की हालत उसी स्थिति में है, जिस स्थिति में वे पहले थे। सबसे बड़ी दुख की बात तब होती है जब उस पक्ष वाले किसानों के प्रति बोलते बोलते कांग्रेस की आलोचना करने लगते हैं और इधर से जब माननीय सदस्य बोलते हैं तो एनडीए सरकार की आलोचना करते हैं - लेकिन यह प्रेजेंट सरकार की ज वाबदेही बनती है कि वह किसानों को अधिक से अधिक राहत पहुंचाए । सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि हम आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं लेकिन हमारे देश का किसान त्राहि-त्राहि करता रहता है। हम किसानों की आंखों के आंसू पोंछने में सफल नहीं होते हैं, केवल भााण देकर चले जाते हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह पूरे देश के किसानों की समस्या तो है ही, विशेा रूप से बिहार के किसानों की भी समस्या है, जो कि झारखंड प्रदेश का क्षेत्र है। बिहार से अलग होने के बाद वहां की आर्थिक हालत किसी से छिपी नहीं है। बिहार में सबसे अच्छे साधन हैं। यदि वहां आप कृाि को बढ़ावा देंगे, कृाि पर आधारित उद्योगों की स्थापना करेंगे तभी हमारे बिहार के किसानों की स्थिति में सुधार आएगा।

पिछली बार हमने यहां बहुत सी समस्याएं किसानों के बारे में कही थीं। एफसीआई के माध्यम से जो क्रय केन्द्र खोलने की बात हो रही थी, पिछली बार भी क्रय केन्द्र खोले गये थे और बिहार सरकार ने वहां एफसीआई के माध्यम से अनाज खरीदने की व्यवस्था की। हमारे जो गरीब किसान थे, उन्होंने इसके माध्यम से अपना धान बेचने का काम किया लेकिन वहां हालत ऐसी पैदा हुई कि जब धान की खरीद हुई, धान तैयार करने में जो समय लगता है, उस बीच कुछ देरी हो गई, जिसकी वजह से सारे किसान आज भी भूख और गरीबी के कगार पर हैं। उनके बच्चे आज भी पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं और बेटी की शादी में भी अड़चने आ रही हैं।

महोदय, बिहार विधान मंडल के सभी माननीय सदस्यों ने शरद यादव जी से इस सम्बन्ध में बात की थी, लेकिन आज भी स्थिति वही है। आज भी पहले से जो धान खरीदा हुआ है, चावल निकाले हुए हैं, उन किसानों को कुछ भी पैसे उपलब्ध नहीं हुए। इस कारण से आज भी स्थिति खराब है। मंत्री जी ने कहा कि वहां 60 क्रय केन्द्र खोले जाएंगे, लेकिन अभी तक एक भी क्रय केन्द्र नहीं खोला गया है, ताकि किसान अपने धान को वहां जाकर बेच सकें। मेरा इलाका रोहतास है, जिसे शाहबाद कहा जाता है। उसे धान का कटोरा भी कहा जाता है। वहां अगर सिंचाई सही तरीके से हो तो मैं समझती हूं कि अगर इसके अलावा कोई दूसरा कार्य नहीं होगा तो भी हमारे किसान पूरे बिहार को बैठा कर खिलाने का काम कर सकते हैं। लेकिन आज वहां किसान मर रहे हैं। उनके धान को खरीदने वाला कोई नहीं है। एफसीआई क्रय केन्द्र खोलता है, लेकिन बीच में बिचौलिए आ जाते हैं और मिल-मालिकों द्वारा खरीद में बिचौलिये उसमें दखल देते हैं। इसलिए गरीब किसान आज भी त्राहि-त्राहि कर रहा है। किसानों को खेती करने में कठिनाई हो रही है। दूसरी तरफ खाद और डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी हो रही है। बिजली के साधन उपलब्ध न होने से उन्हें डीजल खरीदना पड़ता है और इस तरह वे सिंचाई का कार्य कर पाते हैं।

महोदय, कृाि मंत्री जी यहां बैठे हैं, हम उनके पास बार-बार गुहार लगाते हैं। मैं मंत्री जी से आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि किसानों की समस्याओं का समाधान कब होगा - क्या जब वे दुनिया से उठ कर चले जाएंगे तब उनकी समस्याओं का समाधान होगा या जब उनके बच्चे भूख और शिक्षा से अछूते रह जाएंगे, तब उनकी समस्याओं का समाधान होगा। मैं मंत्री जी से करूण ह्रदय से कहना चाहती हूं कि आज उनकी स्थिति बहुत ही भयावह हो गई है, इसलिए उनके विाय में सोचना सरकार का कर्तव्य बनता है। क्या सरकार तोहमत ही लगाती रहेगी - कभी बिहार सरकार पर, राज्य सरकार पर या दूसरी सरकारों पर, जो वहां पहले से शासन करती आई हैं। क्या यह सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने पर अडिग है और इच्छाशक्ति रखती है। क्या एयर कंडीशन्ड कार्यालयों में, ब्यूरोक्रेट्स के बीच में बैठ कर किसानों की कृाि नीति बनाने से किसानों की समस्याओं का हल हो सकता है।

महोदय, जब भी कृाि नीति तैयार होती है तो किसानों के उम्मीदवारों को उसमें रखना चाहिए ताकि किसान की जो भी समस्याएं हैं, जिन्हें वह भुगत रहा है या जूझ रहा है, उन समस्याओं की तरफ भी वे सरकार का ध्यान आकर्ति कर सकें और उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

श्री नामदेव हरबाजी दिवाथे (चिमूर) : सभापति जी, किसानों की समस्या के बारे में मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं। शासन ने 3 करोड़ किसानों के लिए किसान-क्रैडिट कार्ड के द्वारा जो राहत पहुंचाई है, उसके लिए मुझे शासन का अभिनंदन करना है। सरकार की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले किसान पैसों के लिए दर-दर भटकता रहता था और साहूकारों के द्वारा ऋण के लिए सताया जाता था। सरकार जून और जुलाई के महीने में समर्थन मूल्य तय कर रही है जब खेत में फसल रहती है, उसके लिए भी मैं सरकार का अभिनंदन करना चाहता हूं। इससे पहले अक्टूबर और नवम्बर में सरकार समर्थन मूल्य तय करती थी जिसका फायदा व्यापारियों को मिलता था। लेकिन आज समर्थन मूल्य का फायदा किसानों को मिल रहा है। सरकार ने कृाि आयोग की जो स्थापना की है वह सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमारी मांग है कि पीक फसल बीमा व्यक्ति का होना चाहिए क्योंकि पूरा ब्लॉक अकाल की चपेट में आ जाता है। सरकार ने 50 हजार रुपये तक जो ब्याज माफ कर दिया है उसके लिए भी शासन धन्यवाद का पात्र है। पीक बीमा पर जो 50 हजार रुपये माफ किये हैं वह तो ठीक है लेकिन सरकार को 50 हजार रुपये तक का कर्जा भी माफ करना चाहिए।

किसान की फसल पर जो लागत आती है वह प्रति एकड़ सात हजार रुपये आती है। लेकिन किसान को प्रति एकड़ आय पांच हजार रुपये की होती है। हर एकड़ पर किसान को दो हजार रुपये का घाटा होता है। किसान पर आसमानी और सुल्तानी दोनों तरह की मार पड़ती है। आसमानी मार में किसान कभी अतिवृटि और कभी अनावृटि की मार झेलता है। सुल्तानी मार मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब बैंक किसान को खेती के लिए, इंजन के लिए लोन देता है तो किसान पर ब्याज के रूप में बहुत भार पड़ता है। दूसरी ओर बिजली न मिलने या लो-शैडिंग के कारण किसान की फसल पानी के बगैर सूख जाती है। इस तरह से किसान दोहरी समस्या से घिर जाता है।

वन-संक्षण कानून के कारण हमारे विदर्भ में 125 प्रोजैक्ट्स ऐसे हैं जो पेंडिंग पड़े हैं। उन्हें वन-संक्षण कानून से छुड़ाया जाए तो खेती के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है। हमारे यहां गौसीखुर नाम का बहुत बड़ा प्रोजैक्ट है। माननीय राजीव गांधी जी ने उसका उद्घाटन किया था। उस समय उसकी लागत 750 करोड़ रुपये थी।

आज उसकी लागत चार हजार करोड़ रुपए आ रही है। जितनी देर इसमें लगेगी, उतनी ही कीमत बढ़ेगी। केन्द्र सरकार की तरफ से उसे मान्यता दी गई थी। मेरा आग्रह है कि राज्यों पर प्रोजैक्ट का भार न छोड़ते हुए केन्द्र की तरफ से पैसा दिया जाए। मैंने इसके पहले घोसी खुर्द प्रोजैक्ट के लिए 500 करोड़ रुपए देने के लिए कहा था लेकिन अभी तक कुछ नहीं दिया है। किसान मेहनती है लेकिन कुछ बातों में अज्ञानी है। प्रशिक्षण न मिलने के कारण वह धोखे में आ जाता है। उसे प्रशिक्षण देने के लिए ब्लॉकवाइज प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएं। हर जिले में कृाि महाविद्यालय होने चाहिए जिससे किसान प्रशिक्षित हों। खाद, सिंचाई आदि सभी सुविधाएं किसानों को देनी चाहिए। उसे सबसिडी भी देनी चाहिए। दूसरी चीजों पर सबसिडी दी जाती है लेकिन कृाि प्रधान देश होने के बाद भी किसानों को सबसिडी नहीं दी जाती है जो बड़ा गम्भीर सवाल है।

मेरा एक बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। पिछले 50 सालों में गरीबी हटाओ के नाम पर 49 कारखानेदारों के कई हजार करोड़ रुपए माफ कर दिए। उनके 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपए कर्जे के स्टॉप कर दिए। ऐसी कौन सी कम्पनियां और कारखानेदार हैं, मुझे आज तक उसका जवाब नहीं मिला है। कौन सी कम्पनियों और कारखानेदारों को कर्जा दिया गया? 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपए का कर्जा माफ हो सकता है तो 50 हजार रुपए का कर्जा क्यों माफ नहीं हो सकता है? महाराट्र में 373 कारखानेदारों के 28 हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। उनकी तरफ से वह पैसा वसूला नहीं जाता है। 50 हजार रुपए का कर्जा माफ करने के लिए सरकार को इतना अधिक विचार क्यों करना पड़ता है? यह अच्छी बात नहीं है। मेरा सुझाव है कि किसानों का कम से कम 50 हजार रुपए का कर्जा माफ होना चाहिए। एफसीआई को अनाज की खरीददारी करनी चाहिए। वहां बहुत गलतियां होती हैं। आज किसान क्यों गरीब है? हम देहाते जाते हैं तो वहां लिखा होता है " न देवी-देवताओं का शाप है, न पूर्व जन्म का पाप है, यह तो जन्तुओं का प्रताप है" यह पूर्व जन्म का पाप नहीं है, न ही देवी-देवताओं का शाप है, यह गए 50 सालों की कांग्रेस की गलत नीतियों का प्रताप है। गरीब किसानों को सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं। यही मुझे कहना है।

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देता हूं। "देर आयद दुरुस्त आयद" हम लोगों के यहां कहावत है "हरियल खेती देख के गर्व किया किसान, अभी जला बहुत है घर आए तो जान" जब किसान की फसल लहलहाने लगती है तब किसान को भरोसा होता है कि वह अपनी बेटी की शादी का इंतजाम कर सकता है लेकिन जब वह इंतजाम करके घर लौटता है तो मालूम होता है कि उसकी फसल अधिक वार्ा के कारण डूब रही है।

सभापति महोदय, हमारे कृाि मंत्री बहुत विद्वान और इंजीनियर हैं। मैंने उनका बयान अखबारो में पढ़ा जिसमें उन्होंने कहा था कि देश की आधी जमीन उत्पादन शक्ति खो चुकी है। हम उनकी मजबूरी जानते हैं। मैं इनका दर्द और कठिनाई जानता हूं। जब ये अपने लोगों के बीच रहते हैं या सरकारी पदाधिकारी नहीं रहते हैं तो देश की कृाि स्थिति का सही चित्रण करते हैं। वे और क्या कर सकते हैं? देश का 20 करोड़ टन अनाज उपादन बढ़ा है लेकिन इसके लिये कृाि मंत्री को कोई क्रेडिट नहीं क्योंकि गेहूं, चावल या अन्य अनाजों की खेती किसान अपनी मेहनत से करता है। इनका अपने शरीर के अलावा और कुछ नहीं है। इनके पास सिंचाई का महकमा नहीं, क्या बिना पानी के सिचाई हो सकती है? इनके जिम्मे खाद नहीं, इसके दूसरे मंत्री हैं। कर्जा देने के लिये दूसरे मंत्री हैं। यदि पैसे का वितरण करना है, कृाि उत्पादन चीजों का मूल्य तय करना है तो उसके लिये आई.ए.एस. आफिसर्स हैं। ये अफसर कहां से ले आये जो मूल्य निर्धारण करेंगे?

सभापति महोदय, आप कृाि मंत्री जी से कहिये कि उनके अफसर जरा जूता पहनकर खेत के चारों तरफ जो घेराबंदी होती है, उसका चक्कर लगाकर घूम जायें तो उन्हें धन्यवाद दूंगा कि वे कृाि नीति को सफल कर सकते हैं। किसान क्या करे, डूबने में, सूखने में और कर्जा अदा करने में वही मरता है। सरकार ने बड़े-बड़े व्य वसायियों को कर्ज दिया है लेकिन वित्त मंत्री जी उनसे वसूल नहीं कर रहे हैं। यदि एक किसान को 10-15 हजार का कर्जा दिया गया, तो उसे वसूलने के लिये उसके बैल खोल लिये जाते हैं। अगर वह अरैस्ट कर लिया जाता है तो जेल जाता है। जो उसे खाना दिया जाता है, वह जेल की तरफ से नहीं मिलता। सरकार की तरफ से कोई खाना उसे नहीं मिलता। जितना उसका कर्जा होता है, उसके लिये वारंट जारी हो जाते हैं, कुर्की कर दी जाती है, सारा पैसा उससे वसूल कर लिया जाता है। सालभर का सूद जोड़कर उससे वसूल कर लिया जाता है।

सभापति जी, कृाि मंत्री जी क्या करना चाहते हैं। मैं उनसे हमदर्दी रखता हूं। यहां पर माननीय सदस्यों ने सभी बिन्दुओं को छुआ है। उनमें व्यवसायी, खेत मजदूर हैं। मैं सारे साथियो द्वारी कही गई बातों का समर्थन करते हुये आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप जरा बिहार की तरफ देखिये। वहां 10 लाख हैक्टेयर जमीन जल-प्लाि वत है। टाल क्षेत्र में जहां फसलें होती हैं, वे सही समय पर नहीं होती। पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। गंगा का उत्तरी भाग जल जमाव से पीड़ित है। किसानों को मालगुजारी देनी पड़ती है। राजस्व का महकमा कृाि मंत्री जी के पास नहीं है। सरकार ने सीलिंग लगाई हुई है। जिस गरीब किसान के पास 2-3 या 5 एकड़ से कम जमीन है, वह नहीं जानता कि ऊनी कपड़ा क्या होता है। उसके पास रज़ाई नहीं है। वह पुआल को जलाकर रात बिताता है लेकिन सुबह उठकर अपनी कर्तव्य-परायणता का परिचय देता है, अपने जानवरों को खिलाता है।

क्या आप विचार करेंगे कि जो सब्सिडी आप देते थे, इस कारण वह किसानों के लिए कितनी बढ़ जायेगी। कृाि मंत्री जी आप जानते हैं कि सब्सिडी वापस लेने से यूरिया पर 12 रुपये, डी.ए.पी. पर 22 रुपये और पोटाश पर दस रुपये ज्यादा देने होंगे। बिहार में बरौनी का जो कारखाना था, उसे आपने बंद कर दिया और कहते हैं कि खाद विदेश से मंगायेंगे। क्या हिन्दुस्तान में किसान ऐसी स्थिति में हैं कि विदेश से मंगाई हुई महंगी खाद खरीद सके। आप लोन की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। श्री जनार्दन रेड्डी, आंध्र प्रदेश के भूतपूर्व मुख्य मंत्री रहे हैं, उन्होंने कहा कि नाबार्ड आपके कब्जे में नहीं है, वह श्री जसवंत सिंह जी के कब्जे में हैं। नाबार्ड आपकी बात नहीं सुनता है। बिहार में एक कोआपरेटिव संस्था थी, जो ब्लॉक लैवल पर किसानों को शुद्ध खाद देती थी। उसे भी आपने पुनर्जीवित करने का प्रयास नहीं किया।

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जब आप इधर रहते हैं तो समय ज्यादा मिल जाता है और जब वहां जाते हैं तो तिरछी नजर करके हम लोगों को देखते हैं - बड़ी मुश्किल है, क्या करें। मैं कृाि मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि हालात सुधारने के लिए आप कृाि सहायता फंड का प्रावधान कीजिए। छोटे और मार्जिनल किसानों के लोन की वसूली को अभी टाला जाए। जो छोटे किसान हैं, जिनके जिम्मे लोन है, उसकी वसूली पर आप रोक लगायें। साहूकारों की उधार देने की नीति को सख्ती से रोका जाए। साहूकार को पैसा देते जाते हैं। एक प्रश्न के उत्तर में वित्त मंत्री जी ने कहा था कि जो 25 हजार रुपये तक के लोन वाले छोटे किसान हैं या जिन पर पचास हजार रुपये का लोन है, यदि वे मार्च तक एक साल में लोन नहीं देते हैं तो उसे बढ़ाया जायेगा। कृाि मंत्री जी आप इंजीनियर भी हैं। कोई किसान पचास हजार का लोन लेकर क्या खेती करेगा। आज बैल कितने महंगे हो गये हैं। बिहार के सोनपुर में हिंदुस्तान का सबसे बड़ा पशु मेला लगता है। उस मेले में अभी

जो बैलों की जोड़ी बिकी है, वह 35 हजार रुपये से 40 हजार रुपये के बीच में बिकी है। अब आप बताइये कि सात एकड़ क्षेत्र रखने वाला किसान साल भर में जो उपज की बढौतरी होगी, उसे उससे कितना बचेगा। वह अपनी बीवी की साड़ी नहीं खरीद सकता, अपनी बेटी की शादी नहीं कर सकता, अपने बदन पर ऊनी कपड़ा या कम्बल नहीं ओढ़ सकता, ऐसी स्थिति में वह रजाई भी नहीं ओढ़ सकता।

ट्रेजरी बैंचिज पर बैठे हुए लोगों का कहना है कि आप भाण दे देते हैं। आपकी भी सरकार थी। यह हम भी कहते हैं, आप भी कहते हैं और सभी माननीय सदस्य खड़े होकर कहते हैं। सभापति महोदय आप भी कहते हैं कि जब हम कृषि पर बात करते हैं तो राजनीति नहीं करते हैं। जो यहां चुनकर आये हुए लोग हैं, क्या ये बिना राजनीति किए हुए जिंदा रह सकते हैं। चाहे कृषि नीति हो, उद्योग नीति हो, राजनीति तो सबने करनी ही है। राजनीति ही हम लोगों का पेशा है। हम लोगों के नाम के आगे लिखा जाता है कि पेशा लिखिये, हम क्या लिखें। यदि गृहस्थ लिखें तो कोई कहेगा कि मूर्ख, देहाती आदमी है, गृहस्थ है। यदि उसमें प्रोफेसर लिख दें तो समझेगा कि मध्यम क्लास का है। यदि उसमें लिख दें कि व्यवसायी है तो बड़ी इज्जत हो जायेगी, कहेंगे आइये साहब कुर्सी पर बैठिये। साल भर में आपका कितने करोड़ का लेन-देन का हिसाब है।

आज आपने किसानों की क्या स्थिति बनाकर रख दी है। किसान जो अन्नदाता कहलाता है, जो सबको अन्न देता है। क्या आपने किसी बड़े व्यवसायी को नोटों का घर बनाते देखा है। क्या किसी को मुंह में सोना-चांदी खाते हुए देखा है। सब आदमी गेहूं, चावल और रोटी खाते हैं। आजकल लोगों को शुगर की बीमारी हो जाती है, इसलिए लोगों ने चावल खाना बंद कर दिया है। वे कहते हैं गेहू चाहिए, गेहूं कहां से आयेगा, गेहूं कौन देगा। हमारी उपज का उचित मूल्य आप नहीं देते हैं। हमारी लागत के बराबर का पैसा कृषि मंत्री जी आप नहीं देते हैं। कृषि मंत्री जी आपका धन्यवाद है। आप बड़े सुयोग्य नेता के सुपुत्र हैं। आदरणीय चौधरी चरण सिंह किसान नेता कहलाते थे। लेकिन आप अभी किसान नेता नहीं कहला रहे हैं। आप किसानों के दुख-दर्द को देखिये और सचमुच जो आत्मा कहती है, जैसे आप किसानों की कठिनाई को अनुभव करते हैं, उसे व्यक्त करिये। भारत ने किसको पूजा है। यहां शंकर की पूजा हुई, भगवती की पूजा हुई - इनकी पूजा क्यों हुई, क्योंकि जो लोग समाज के लिए कठिनाइयों से लड़ते हैं, संघर्ा करते हैं, उसी की भारत में पूजा करते हैं।

यही हमारी संस्कृति है। हम भी किसान के प्रतिनिधि और किसान के बेटे होने की हैसियत से आपकी पूजा करेंगे, बशर्ते किसानों के दर्द को आप सुनें।

महोदय, ऊर्जा मंत्री जी अभी आए हैं। गीते जी से मैं कहना चाहूँगा कि आपने स्वयं ऊर्जा मंत्रालय ले लिया और दूसरे साथी को इंडस्ट्रीज़ दे दीं। बिजली से इंडस्ट्रीज़ को बढ़ाना चाहते हैं और किसान को बिजली नहीं देना चाहते हैं, प्रतिबंध लगाना चाहते हैं। कहते हैं प्रधान मंत्री की स्कीम है। आप बिजली देकर किसानों की खेती को बढ़ाइए। डीज़ल हमें नहीं मिलता है। डीज़ल के बिना खेती कैसे होगी? बैल किसके पास है? आप चलकर देखिये, अभी भी खेतों में एक तरफ बैल जुतता है और दूसरी तरफ किसान की बहू कंधा लगाकर हल जोतती है। आप उसके दर्द को समझने की कोशिश कीजिए। वोट तो 51 और 49 का खेल होता है - 51 मिलेंगे तो उधर बैठेंगे, 49 मिलेंगे तो इधर बैठेंगे। यही डैमोक्रेसी है। अच्छा है या बुरा है मैं नहीं कह सकता, लेकिन हमारी कठिनाई है, किसानों की कठिनाई है। बिहार में किसानों की बाढ़ और सुखाड़ से जो कठिनाई है उसको दूर करने का प्रयास करिये। फिर सोमवार को आपका मौका आएगा, आप 45 मिनट भाण देंगे, हम सुनेंगे ही, हमें किस बात की चिन्ता है। सभापति जी, आपको एक बार फिर धन्यवाद देते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

SHRI PRASANNA ACHARYA (SAMBALPUR): Sir, there are only three minutes left for eight. I cannot conclude my speech within three minutes.

MR. CHAIRMAN : We can extend the time of the House by half an hour to accommodate three or four more hon. Members. How much time would you take?

SHRI PRASANNA ACHARYA : I will need a minimum of ten minutes.

MR. CHAIRMAN: All right.

SHRI S.S. PALANIMANICKAM : He can be allowed to complete his speech.

SHRI PRASANNA ACHARYA : Thank you, Sir.

Mr. Chairman, Sir, actually, we have been discussing the problems of farmers and I do not understand from which point to start.

As you know, the farmers of this country are facing thousands of problems. They are not facing just one or two problems; they are faced with multifarious problems.

I do not know whether I should start from a remote Juang tribal village named Kuladera under Ghatagaon block in the tribal dominated Mayurbhanj district of Orissa where only 30 families live and a few of them are landless farmers who have sent an SOS to the hon. Chief Justice of the Supreme Court of India, urging him to intervene and to save their lives because their children are dying of starvation, or, should I start from a letter written by a poor widow to the hon. Chief Minister of Orissa, a copy of which has been forwarded to me as the local representative, where she has described her plight. Her husband, a small farmer, had to commit suicide in front of the Collectorate at the district headquarters because that poor farmer could not sell his paddy on time and therefore could not purchase some medicines for his ailing daughter, who died without medicines. From which point should I start on the plight of the farmers of this country?

As I said, on the one hand, the farmer who is trying to feed this country, who never goes on strike, is dying of starvation; and on the other hand, the same farmer who is producing a lot is committing suicide. This is because he is unable to sell his produce in the market. There is nobody to purchase it. This is the very peculiar situation pertaining to farmers prevailing in this country.

Many hon. Members in this House were today referring to the food procurement policy of the Government. I am sorry that the hon. Minister of Food is not present here. During the last week, when we were discussing about the drought situation, many hon. Members, including me, referred to this problem. The Food Corporation of India, a

Government of India undertaking is totally keeping silent and is not touched by the plight of the farmers. Today, their produce is not being sold in the market.

20.00 hrs.

I give the example of my own State. Though there is a drought situation, still there are pockets where there is plenty of paddy produced by the farmers.

After much persuasion by my State Government, the Food Corporation of India has agreed to open only 20 procurement centres. The Government of Orissa has to procure ten lakh metric tonnes of paddy. So, this is the position there.

A peculiar situation has arisen pertaining to the farmers. I think, it is one of the major problems being faced by the farmers so far as the food procurement is concerned. The Food Corporation of India has come up with a terminology `F.A.Q.' − Fair, Average and Quality. When they go to the farmer, they reject all the paddy of the farmer on the plea that it does not satisfy FA Quality. But on the other hand from the same market, the private millers, the traders procure the same paddy at a much lesser price from the farmer. They convert it into rice after milling and the same rice is procured by the Food Corporation of India from the same rice miller. At that time, they forget about FA Quality. So, this is the behaviour meted out to the poor farmer of this country. This is one example I want to cite here.

The hon. Minister of Agriculture is present here. Many hon. Members have pointed out that foodgrains worth more than Rs. 50,000 crore in this country are being spoiled every year because there is no adequate storage facility. This is a peculiar problem faced by this country. State Government after State Government have been appealing to the Food Corporation of India, the Ministry of Food and the Government of India to open up new storage facilities and to go in for new godowns system in this country, but I do not know why the Food Corporation of India, the Ministry of Food and the Government of India is showing a very lukewarm attitude towards this problem.

So far as my State is concerned, I would like to say that recently the Food Corporation of India has come up with a new policy that private parties, individuals or private companies can construct godowns. In some States, the Food Corporation of India has come out with a scheme that they will give seven years' guarantee for occupation of godown. But I feel that the Food Corporation of India and the Ministry of Food are making discrimination between States and States where one or two States − I do not want to mention their names here − are provided with this facility of seven-year guarantee scheme and seven-year guarantee occupation. I would like to know as to why my State would not be given that facility. On many occasions, the Government of India and different Ministries of the Government of India have meted out step-motherly attitude to many of the backward States in the country and particularly to the Eastern States -- not only my State of Orissa but many Eastern States -- which are developing States, which are poor States, which are reeling under drought and flood and which are facing financial crunch. They are being discriminated upon by different Ministries of the Government of India.

One more point I want to cite here. This year, as one hon. Member from West Bengal was correctly saying in the afternoon, there is no upward revision in the Minimum Support Price of paddy. I think, the same price which was prevailing last year, the same price, is prevailing now. There is only Rs, 20 extra relief being provided for the drought situation and that relief has been extended up to 31st of December, this year. After this month that system will be over and in many of the States, particularly in my State because of late starting of the cultivation, full yield has not yet been made and the farmers will not be able to sell their paddy by 31st of December. So, many State Governments have been appealing to the Government of India for extension of this facility.

The hon. Minister of Agriculture is present here. Through him I would like to urge upon the Government of India to take an early action in this regard. But I do not know whether it comes under his Ministry or the Ministry of Food. So, I demand that there should be an extension of this facility so that the farmers will be able to sell their paddy at a remunerative price.

Sir, there are one or two problems which I want to mention here. We are talking of solving the problems of farmers. How much percentage of the cultivable land in this country have we been able to provide with irrigation facilities? I think it is hardly 34 to 37 per cent. In my own State, it is a poor 27 per cent, much below the national average. I know many of the medium irrigation projects and many of the major irrigation projects are pending since Fifth Five-Year Plan. I would like to cite only one example and that is unfortunately in my own constituency. That is the Aung dam project. You might have heard the name of the great engineer, late Shri Ayodhya Nath Khosla who was Governor for some time in a few States including in my own State. It was his brainwork to construct a dam for irrigation purpose on the river Aung which is flowing from Madhya Pradesh, now Chattisgarh, to Orissa. This project is pending since Fifth Five-Year Plan. I do not understand the reason. It is impossible on the part of the State Governments like that of Orissa, Chattisgarh or Madhya Pradesh to go in for such big projects with their own resources. The Government of India is constantly refusing to take up such projects.

On the one hand we are talking of development of the farmers and solving the problems of the farmers and on the other this is what is happening. Unless we are able to increase the irrigation potentiality in the country, how do you contemplate to solve the problem of the farmers? How do you propose to increase our productivity in the country? Do you propose to strengthen our agricultural economy? I urge upon the Government that at least such old projects which are lying with you since decades should be taken up by the Government and financial assistance should be given by the Government.

I want to mention one more point here. Many projects are taken up. Many big dam projects are taken up and the farmers are losing their land. Their lands are being acquired by the Government. For many mines, for coal and other mines also, the Government is acquiring the land of the farmers and for decades together compensations are not paid to the farmers. The farmers are facing acute problem because of this. I think you might have heard the name of Hirakud dam project. I think that was one of the first multi-purpose projects constructed immediately after Independence, started by our former Prime Minister late Shri Jawaharlal Nehru. It was his vision. After 45 years of completion of that project, still there are families and still there are farmers who have not yet been able to get their compensation. This is the plight of the farmers. This is the attitude of not one Government but of Governments after Governments. This is the plight and distress condition of the farmers.

I would like to conclude by saying that in every Session, in every year and in every Parliament we have been deliberating upon the problems of the farmers, but no permanent and long-lasting solution has been found so far.

I want to just mention one last sentence here about the deliberation made today by the hon. former Prime Minister Shri H.D. Deve Gowda. I appreciate his sentiments. Let us rise above our political considerations. Let us at least keep this problem above politics in this country. Just now my predecessor Shri Rajo Singh was also telling it. Every time -- we are all politicians present here --whatever we talk, politics comes in. But, at least, this problem of farmers in this country, we should consider beyond politics, cutting across party lines. This Parliament and this Government should find out a long-term actin plan to solve the various problems faced by the farmers of this country.

MR. CHAIRMAN : Hon. Member Shri Ram Murti Singh Verma wants to speak for five minutes because he will not be able to come on Monday. He may speak for five minutes.

श्री राममूर्ती सिंह वर्मा (शाहजहाँपुर) : सभापति महोदय, बसुदेव जी ने नियम 193 के तहत किसानों की समस्याओं पर जो चर्चा शुरू की है, उस पर बोलने के लिए आपने मुझे मौका दिया, मैं आपका बहुत आभारी हूं।

हिन्दुस्तान को आजाद हुए लगभग 55 र्वा पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन जो स्थिति गांवों में रहने वाले किसानों और खेतिहर मजदूरों की आजादी से पहले थी, वही स्थिति आज है, क्योंकि आजादी के टाइम पर जब स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई चल रही थी, उस समय इस देश के गांवों में रहने वाले किसान मजदूर सभी लोगों ने बराबर का हिस्सा लेकर इस देश को आजाद कराने का काम किया है, लेकिन आजादी मिलने के बाद केवल चन्द लोगों को फायदा मिला है। उसकी वजह यह रही कि जैसे ही देश आजाद हुआ तो सरकारी तंत्र में जो अंग्रेजों के मुखबिर थे, उनके पिछलग्गू थे, उन्होंने ही आकर यहां बड़े-बड़े ओहदों को संभाला। इसी तरह सरकारी तंत्र में भी बड़े-बड़े अधिकारी आये, उनको भी किसान के दुख-दर्द की चिन्ता इसलिए नहीं थी, क्योंकि उनको पता ही नहीं था कि खेती किस तरह से की जाती है, किस तरह से हल चलाया जाता है, किस तरह से धान की रोपाई होती है। इस तरह से किसान का दुर्भाग्य रहा और आज आजादी को 54-55 र्वा हो गये। अगर किसान की किसी ने बात की है, किसान के विकास के लिए तो वह इस देश के पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय चौधरी चरण सिंह जी ने की थी। किसान उन्हें अपना भगवान मानते थे। आज उनके सुपुत्र माननीय अजित सिंह जी कृषि मंत्री हैं, लेकिन उन्होंने यह जो सूखा पड़ा है, इस देश में सूखे से त्राहि-त्राहि मची हुई है, कागजों पर तो लम्बी-लम्बी घोणाएं होती हैं, लेकिन सूखे के नाम पर हमने देखा है कि उत्तर प्रदेश में केवल 10 किलो अनाज आधा एकड़ के काश्तकार को दिया जा रहा है और इससे ऊपर के काश्तकार को शायद 20 किलो अनाज देने की व्यवस्था की गई है। वह भी अभी सब लोगों को नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि वहां जो सरकारी तंत्र है, वह बिचौलियों से घिर गया है।

मैं यहां केन्द्रीय सरकार से, माननीय अजित सिंह जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इन्होंने जो भी राहत उत्तर प्रदेश में दी है, इसे सही तरीके से किसान तक ठीक से पहुंचाने की सही व्यवस्था करने का प्रावधान किया जाये। इससे पहले भी जब 1977 में और 1978-79 में सूखा पड़ा था, उस समय पर सूखे से निपटने के लिए भारत सरकार ने खाद्यान्न योजना के अन्तर्गत एक योजना शुरू की थी, जिससे कि गांवों में रहने वाले किसान और खेतीहर मजदूर भुखमरी के शिकार न हों। तमाम तालाब और नहरों खुदवाने का काम खाद्यान्न योजना के अन्तर्गत किया गया था। आज किसान भूख से मर रहे हैं, सरकार के गोदाम अन्न से भरे हुए हैं, लेकिन यह सरकार उन गोदामों को किसान तक खाली करके पहुंचाने का काम नहीं कर रही है।

इसी तरह देश के बड़े-बड़े लोग, उद्योगपति लोग किसानों की जमीन का अधिग्रहण कराकर, फार्म हाउस बनाकर भी किसानों पर कुठाराघात कर रहे हैं। हम सरकार से मांग करना चाहते हैं कि सूखे की स्थिति को देखते हुए, जो भी लगान है, मय इस र्वा में जो भी खाद पर किसान ने ऋण लिया है, उसे माननीय कृषि मंत्री जी माफ करने की घोणा करें। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में खास तौर पर पानी की व्यवस्था बहुत ही खराब है, उसे सुधारने हेतु ट्यूबवैल के लिए कनैक्शन नहीं दिया जा रहा है, इस कनैक्शन को कैम्प लगाकर किसानों को आबंटन कराने का कार्य किया जाये, जिससे कि खेती की सिंचाई आसानी से हो सके। अभी तक किसान अपने गेहूं आदि की बुवाई नहीं कर पाया है।

इस ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। नहरों में पानी टेल तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार केवल कागजों पर घोणाएं कर रही है, लेकिन पानी टेल तक नहीं पहुंच रहा है और खुदाई के नाम पर भी कुछ नहीं हो रहा है। इसलिए हमारा आग्रह है कि जहां पीने के पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है, वहां नल लगाने की व्य वस्था की जाए।

20.15 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Thursday, December 5, 2002/Agrahayana 14, 1924 (Saka).